दैनिक

# सनातन वीर

Reg. No. MPHIN/25A3002

राष्ट्रहित, धर्मरक्षा जनसेवा को समर्पित

नगर संस्करण | इंदौर, बुधवार, 01 अप्रैल 2026 | वर्ष : 01, अंक : 116, कीमत : 03 रुपए, पृष्ठ : 8


### युवा सम्मेलन में सीएम की नसीहत

## राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी

### जबरजस्ती अपने बच्चों को राजनीति मे ना लाए

**सनातन वीर ● भोपाल**




**मध्य प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक विधायक शामिल हुए। दो दिवसीय सम्मेलन में लोकतंत्र, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के विजन पर मंथन हो रहा है।**

सम्मेलन की शुरुआत पारंपरिक लोक नृत्य से स्वागत और ग्रुप फोटो के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह समेत कई नेता मौजूद रहे। दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में कुल पांच सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

**पहले दिन युवा विधायकों की भूमिका पर चर्चा–** पहले दिन तीन सत्रों में नागरिक भागीदारी और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा विधायकों की भूमिका पर चर्चा हुई। दूसरे दिन 'विकसित भारत 2047ः युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह और एमआईटी पुणे के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवा विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में टिके रहने के लिए विनम्रता जरूरी है और जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र की अच्छाइयों के साथ उसकी कमजोरियों को भी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के बावजूद स्वाध्याय और स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है और कठिन परिस्थितियों में शांत रहकर समाधान निकालना चाहिए। सीएम ने कहा कि राजनीति में मर्यादा और अनुशासन का विशेष महत्व है और जनप्रतिनिधियों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उनके सार्वजनिक जीवन का असर परिवार पर न पड़े। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती और व्यक्ति को परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और देश 2047 के अमृत काल की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत का लोकतंत्र मजबूत है और अन्य देश भी इससे सीख रहे हैं।

### विजयवर्गीय बोले-जनता की समस्या का समाधान हो



**संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के कार्यालय में समस्या लेकर आने वाले लोगों को समाधान मिलना चाहिए और वहां गुस्से के लिए जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया को सावधानी से और सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करने की सलाह दी।**

### विकसित भारत 2047 के पांच संकल्प, लोकतंत्र और नवाचार पर जताई प्रतिबद्धता

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का सपना केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प है। इसे पूरा करने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।



### गुजरात में सेमिकनंडक्टर प्लांट

## पीएम का मेड इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड का मंत्र हुआ सार्थक

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह देश का दूसरा ऐसा प्लांट है। उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने प्लांट का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ऑपरेटर्स और इंजीनियरों से बातचीत की।**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में था और इस महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में हूं। यह केवल संयोग नहीं है बल्कि यह संकेत देता है कि भारत कितनी तेज गति से सेमिकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़े रहा है।

**साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ–** पीएम ने कहा कि साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों का बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए पहले ही बुक हो चुका है, जिससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का संदेश वैश्विक स्तर पर गूंजेगा।

**मुश्किलों भरा रहा यह दशक–** मोदी ने कहा कि इस दशक में महामारी, संघर्ष और वैश्विक सप्लाई चेन बाधाओं ने दुनिया को प्रभावित किया है, खासकर चिप्स, रेयर अर्थ मिनरल्स और ऊर्जा क्षेत्र में। ऐसे समय में भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का इस दिशा में आगे बढ़ना वैश्विक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि देश के आत्मविश्वास का प्रतीक है। इस मिशन के तहत देश के छह राज्यों में 1.60 लाख करोड़ रुपये के 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। मोदी ने कहा कि उद्योग के अनुमानों के अनुसार भारत का सेमीकंडक्टर बाजार इस समय करीब 50 अरब डॉलर (लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये) का है, जो इस दशक के अंत तक बढ़कर 100 अरब डॉलर (करीब नौ लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि 2021 में शुरू किया गया इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन केवल एक औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि देश के आत्मविश्वास का प्रतीक है। भारत अब इस क्षेत्र में मिशन मोड में तेजी से काम कर रहा है और तकनीकी क्षेत्र में उठाए जा रहे कदम आने वाले दशकों में देश की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि क्रिटिकल मिनरल्स में आत्मनिर्भरता के लिए नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन शुरू किया गया है, जिसके तहत माइनिंग, प्रोडक्शन और रिसाइक्लिंग पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे तटीय राज्यों में रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने की योजना है, जिससे एक मजबूत सप्लाई चेन तैयार होगी।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर का भी तेजी से विकास हो रहा है, जिससे उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। इस प्लांट में करीब 3,300 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। यह प्लांट OSAT (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) पर केंद्रित है, जहां चिप्स की पैकेजिंग और टेस्टिंग जैसे अहम कार्य किए जाते हैं। इस प्लांट में एडवांस्ड इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल (IPMs) का निर्माण होगा, जिनका उपयोग ऑटोमोबाइल और औद्योगिक उपकरणों में किया जाता है।



### भारतीय कंपनियां वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का मजबूत हिस्सा बन चुकी है

पीएम मोदी ने कहा कि केन्स जैसी भारतीय कंपनी अब वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का मजबूत हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में कई भारतीय कंपनियां दुनिया को एक भरोसेमंद और मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्लांट में उत्पादन शुरु होने के साथ ही भारत ने खुद को एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर सप्लायर के रुप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।

## टी राजा बोले : मप्र में धर्मान्तरण पर रोक नहीं तो भगवा सरकार नहीं

*जबलपुर। तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक टी राजा ने कहा है कि मध्य प्रदेश में तेजी से धर्मांतरण बढ़ रहा है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो धीरे-धीरे आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा। हमारे मुख्यमंत्री जी को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या भगवाधारी सरकार फिर जीत पाएगी। राजा ने कहा- हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर भगवा सरकार को जिताया है। फिर भी धर्मांतरण नहीं रोक पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अगर कोई हमारी बहन-बेटी को आंख उठाकर भी देखता है, तो सख्त कार्रवाई होती है। आज हम सबको मिलकर मोहन भैया से निवेदन करना है कि हर बहन-बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह बात जबलपुर में मंगलवार को कही, जहां वे हिंदू सेवा परिषद की गदा यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने नौदरा ब्रिज चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए कहा- आज जो यह गदा यात्रा निकाली जा रही है, उसका सिर्फ एक उद्देश्य है कि हम सभी को हनुमानजी जैसा बनना चाहिए। घर में घुसकर मारने की आज जरूरत आन पड़ी है। हम सबको मिलकर उसी राह पर चलना है। आने वाला समय युद्ध का होगा और हमें अपने ही देश, अपने ही प्रदेश में रह रहे लोगों से लड़ना होगा। अगर आज हमने युद्ध की तैयारी नहीं की, तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ी गुलाम हो जाएगी। विधायक टी. राजा ने कहा- मध्य प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर कानून बना हुआ है। कुछ दिन पहले धर्मांतरण को रोकने के लिए एक चर्च में हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया गया। हिंदू सेवा परिषद जो काम कर रही है, उससे वह आपके वोट बैंक को मजबूत कर रही है। आज जितने भी गदाधारी हैं, चुनाव के समय जब ये बैलेट मशीन में बटन दबाने जाएंगे, तो उन्हें सिर्फ एक ही सिंबल दिखाई देता है और वह है भगवे का। आज नेताओं को सोचने की जरूरत है कि उन कार्यकर्ताओं को न दबाएं, जो उनकी कुर्सी को मजबूत करने का काम करते हैं।*



## बिहार : नालंदा के मंदिर में भगदड़, 9 की मौत

**नालंदा ● एजेंसी**

**बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।**

दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है। आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 25 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के SHO राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।



## हमसे तेल खरीदो नहीं तो होर्मूज जाकर ले लो

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा। देशों को खुद ही अपने हालात संभालने होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन जैसे देश जो होर्मुज स्ट्रेट से फ्यूल नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए क्योंकि अमेरिका के पास इसकी कोई कमी नहीं है।

ट्रम्प ने कहा कि अगर देश चाहें, तो हिम्मत दिखाएं और खुद होर्मुज स्ट्रेट जाकर तेल ले लें। अमेरिका उनकी मदद के लिए नहीं आएगा, जैसे वे अमेरिका की मदद के लिए नहीं आए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान काफी हद तक कमजोर हो चुका है और सबसे मुश्किल काम पहले ही पूरा हो गया है। अब बाकी देश खुद जाकर अपना तेल ले सकते हैं।

इधर, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) ने 18 बड़ी अमेरिकी कंपनियों को चेतावनी दी है कि उनके ईरान के खिलाफ शामिल होने के कारण रीजनल ऑफिस को निशाना बनाया जाएगा।




## युद्ध के कारण महंगाई की मार : आज से दूध ब्रेड बिस्किट और जुत्ते चप्पल महंगे

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध का असर आम जनता पर पड़ रहा है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से पेट्रोकेमिकल बायप्रोडक्ट महंगे हुए हैं। सप्लाई चेन बाधित होने से रॉ मटेरियल की कमी है। 1 अप्रैल से दैनिक इस्तेमाल की कई चीजों के दाम बढ़ेंगे।**

मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अनुसार कीमतों में 20–25% तक बढ़ोतरी होगी। ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद समेत अन्य वस्तुएं महंगी होंगी और कंपनियां नए रेट लागू करेंगी। बिस्किट 5 से 6 रुपए, ब्रेड 30 से 35 रुपए, चप्पल 100 से 120 रुपए और 1 किलो सर्फ 15–20 रुपए महंगा होगा। क्रूड ऑयल आधारित केमिकल और रॉ मटेरियल महंगे हो गए हैं, जिनकी कीमत 200–300% तक बढ़ी है, जिससे लागत और संचालन प्रभावित है। पुराना स्टॉक मार्च तक चलेगा। इसके बाद 1 अप्रैल से नए रेट लागू होंगे। अप्रैल से जूते-चप्पल, प्लास्टिक, केमिकल, सर्फ, सोडा और साबुन महंगे होंगे।

**साबुन-सोडे पर भी पड़ रहा असर–** केमिकल फैक्ट्री संचालक कांता यादव ने बताया कि डिटर्जेंट में एसिड स्लरी मुख्य कच्चा माल है, जिसका 300 ग्राम तक इस्तेमाल प्रति किलो होता है। यह कच्चे तेल से बनता है और खाड़ी में बने हालात से इसकी कीमत और उपलब्धता पर असर पड़ा है।




**रेट बढ़ाने के साथ वजन होगा कम–** कंपनियां मार्जिन बचाने के लिए कीमत बढ़ाने के साथ पैकेट का वजन भी घटा रही हैं। 1 रुपए की चॉकलेट का दाम बढ़ाने के बजाय उसका वजन 10 ग्राम से घटाकर 7–8 ग्राम किया जा रहा है। उद्योगपति दीपक दर्यानी के अनुसार 5 रुपए का बिस्किट पैकेट अब 6 रुपए का होगा और नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे।

**ईरान युद्ध से सप्लाई चेन में रुकावट का असर–** ईरान युद्ध से सप्लाई चेन प्रभावित होने पर PPH 4,000 रुपए/टन, कोपॉलिमर 7,000 रुपए/टन और PE 7,000 रुपए/टन महंगा हुआ है। इस महीने कई बार कीमतें बढ़ीं और PVC भी 13,000 रुपए/टन महंगा हुआ।

कुल मिलाकर प्लास्टिक इनपुट लागत बढ़ी है, जो कच्चे माल और मिडिल ईस्ट तनाव से जुड़ी है। इससे सप्लाई और लॉजिस्टिक्स प्रभावित हुए हैं और अब घरेलू पॉलिमर कीमतों पर भी असर पड़ रहा है।

# आज से महंगे होंगे ब्रेड-बिस्किट और जूते-चप्पल : रोजमर्रा की चीजों पर 25% तक की बढ़ोतरी संभव; 30 का ब्रेड पैकेट 35 में मिलेगा

इंदौर ● संवाददाता

**ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध का असर आम जनता पर पड़ रहा है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से पेट्रोकेमिकल बायप्रोडक्ट महंगे हुए हैं। सप्लाई चेन बाधित होने से रॉ मटेरियल की कमी है। 1 अप्रैल से दैनिक इस्तेमाल की कई चीजों के दाम बढ़ेंगे।**

मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अनुसार कीमतों में 20–25% तक बढ़ोतरी होगी। ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद समेत अन्य वस्तुएं महंगी होंगी और कंपनियां नए रेट लागू करेंगी। बिस्किट 5 से 6 रुपए, ब्रेड 30 से 35 रुपए, चप्पल 100 से 120 रुपए और 1 किलो सर्फ 15–20 रुपए महंगा होगा।

### उद्योगों की लागत और संचालन व्यवस्था प्रभावित

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एलपीजी सप्लाई प्रभावित होने से उद्योगों पर असर पड़ा है। क्रूड ऑयल आधारित केमिकल और रॉ मटेरियल महंगे हो गए हैं, जिनकी कीमत 200–300% तक बढ़ी है, जिससे लागत और संचालन प्रभावित है। पुराना स्टॉक मार्च तक चलेगा। इसके बाद 1 अप्रैल से नए रेट लागू होंगे। अप्रैल से जूते-चप्पल, प्लास्टिक, केमिकल, सर्फ, सोडा और साबुन महंगे होंगे।

### ब्रेड का पैकेट 3 से लेकर 6 रुपए तक महंगा होगा

उद्योगपति हरीश भाटिया ने बताया कि वॉर से पहले 90–95 रुपए प्रति किलो का पीपी प्रोडक्ट अब 170–172 रुपए हो गया है, जिससे फिनिश प्रोडक्ट महंगे हुए हैं। अप्रैल से 400 ग्राम ब्रेड 5–6 रुपए और कम वजन वाले पैकेट 3–4 रुपए महंगे होंगे। कुछ जगह रेट बढ़ चुके हैं, लेकिन अधिकतर कंपनियां पुराना स्टॉक खत्म होने के बाद अप्रैल से नए रेट लागू करेंगी।

### साबुन-सोडे पर भी पड़ रहा असर

केमिकल फैक्ट्री संचालक कांता यादव ने बताया कि डिटर्जेंट में एसिड स्लरी मुख्य कच्चा माल है, जिसका 300 ग्राम तक इस्तेमाल प्रति किलो होता है। यह कच्चे तेल से बनता है और खाड़ी में बने हालात से इसकी कीमत और उपलब्धता पर असर पड़ा है। पहले मांग अनुसार सप्लाई मिलती थी, अब कम मिल रही है। इंदौर में 200 से अधिक यूनिट्स का टर्नओवर 4,000 करोड़ से ज्यादा है। स्लरी और पैकिंग महंगी होने से 1 किलो सर्फ 15–20 रुपए महंगा होगा।



### रॉ मटेरियल 50 प्रतिशत तक महंगा हो चुका

एसोसिएशन ऑफ फुटवियर के प्रेसीडेंट गिरीश पंजाबी ने बताया कि एमपी की आर्टिफिशियल लेदर फुटवियर इंडस्ट्री पूरी तरह पेट्रोकेमिकल रॉ मटेरियल पर निर्भर है। इसके कारण फिनिश गुड्स 20–25% तक महंगे होंगे। रॉ मटेरियल 50% तक महंगा हो चुका है। 100 की चीज 150–180 तक पहुंच गई है।

### रेट बढ़ाने के साथ वजन होगा कम

कंपनियां मार्जिन बचाने के लिए कीमत बढ़ाने के साथ पैकेट का वजन भी घटा रही हैं। 1 रुपए की चॉकलेट का दाम बढ़ाने के बजाय उसका वजन 10 ग्राम से घटाकर 7–8 ग्राम किया जा रहा है। उद्योगपति दीपक दर्यानी के अनुसार 5 रुपए का बिस्किट पैकेट अब 6 रुपए का होगा और नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे।

### ईरान युद्ध से सप्लाई चेन में रुकावट का असर

ईरान युद्ध से सप्लाई चेन प्रभावित होने पर PPH 4,000 रुपए/टन, कोपॉलिमर 7,000 रुपए/टन और PE 7,000 रुपए/टन महंगा हुआ है। इस महीने कई बार कीमतें बढ़ीं और PVC भी 13,000 रुपए/टन महंगा हुआ। कुल मिलाकर प्लास्टिक इनपुट लागत बढ़ी है, जो कच्चे माल और मिडिल ईस्ट तनाव से जुड़ी है। इससे सप्लाई और लॉजिस्टिक्स प्रभावित हुए हैं और अब घरेलू पॉलिमर कीमतों पर भी असर पड़ रहा है।

## शॉट न्यूज

### जिंदा महिला को कागजों में किया मृत घोषित

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में उस समय अजीब स्थिति बन गई जब गीताबाई नाम की एक वृद्ध महिला अपनी शिकायत लेकर पहुंची। महिला का आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में उसे मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि वह पूरी तरह जीवित है। सांवेर की गीताबाई ने बताया कि सरपंच कार्यालय की कथित मिलीभगत से उसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया गया। इसी आधार पर उसकी करीब पौने दो बीघा जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज करा दी गई। महिला का कहना है कि जय बजाज नामक व्यक्ति ने उसे दस्तावेजों में मृत दर्शाकर जमीन अपने नाम करा ली। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब गीताबाई के बेटे हरिराम ने बताया कि जब वह जमीन पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट की।

### आज से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र और स्कूल चलें हम अभियान

इंदौर। जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे 'स्कूल चलें हम' अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम आज एक अप्रैल को सुबह 9.45 बजे से शासकीय सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय एमओजी लाइन महू नाका में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में 'स्कूल चलें हम' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी ली बैठक

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी समाज के सभी वर्गों एवं आमजन के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में वृहत रूप से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से चलाया जा रहा है जो तीन माह तक चलेगा। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने अपने निवास कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक लेकर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, अधीक्षण यंत्री पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीमती हर्षा जैनवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## यातायात सुधार के संबंध में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

इंदौर ● संवाददाता

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण श्रीमती यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक श्री राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त श्री आकाश सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत प्रमुख रूप से पार्किंग स्पेस विकसित करने, प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री करने तथा ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित स्थलों) के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट्स की संख्या में कमी आई है, हालांकि कुछ नए स्थान चिन्हित हुए हैं, जिन पर सुधार कार्य जारी है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और जनहानि को रोकना है। इसके लिए इंजीनियरिंग सुधारों के साथ-साथ सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। संबंधित विभागों को दिए गए निर्देशों के पालन की नियमित समीक्षा भी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) को दिए गए निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ है, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यातायात व्यवस्था सुधार के लिए शहर के आठ प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां अतिक्रमण और अव्यवस्थित संरचना के कारण जाम की स्थिति बनती थी। इन मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, लेफ्ट टर्न व्यवस्थित करने तथा विद्युत खंभों एवं डीपी शिफ्टिंग की कार्रवाई जारी है, जिससे यातायात सुगम बनाया जा सके।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता है। इसे ध्यान में रखते हुए अवैध पार्किंग पर चालानी कार्रवाई, वाहनों पर लॉक लगाने जैसी सख्त कार्यवाही की जा रही है। साथ ही शहर में पार्किंग स्पेस बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बेसमेंट पार्किंग वाले भवनों में पार्किंग का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। अन्य उपयोग पाए जाने पर सीलिंग सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि पार्किंग के लिए मार्गों पर मार्किंग भी करायी जा रही है तथा संकेतक भी लगाये जा रहे हैं।

## पावर हाउस के कर्मचारी को पीटा, वायरलेस सेट छीना

**बाइक छोड़कर भागे**

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी के साथ बदमाशों द्वारा सोमवार रात गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले विवाद किया फिर पत्थर मारकर घायल कर दिया और साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अलवासा निवासी प्रकाश पंवार नरवल पेट्रोल पंप के पास स्थित पावर हाउस में ड्यूटी पर थे। 29 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक बिना नंबर की बाइक से वहां पहुंचा और ड्यूटी पर कौन-कौन है, इसकी जानकारी लेने लगा। प्रकाश ने बाइक सवार से पूछा कि तुम कौन हो और तुम्हें इस बात से क्या लेना तो आरोपी जबरन अंदर घुसने लगा।

## एबी रोड पर टायर पंचर, सोने की चेन लूटी

**दोस्तों संग लौट रहा था**

इंदौर। एबी रोड हाईवे पर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। टायर पंचर होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने युवक को धमकाते हुए उसके गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। किशनगंज थाना पुलिस के मुताबिक जय माँ अम्बे सोसायटी, महादेव दाहोद (गुजरात) निवासी रोहन पाटीदार (23) अपने दोस्तों के साथ ढाबे से खाना खाकर कार से लौट रहा था। 30 मार्च की सुबह करीब 4:05 बजे धानुका कोल्ड स्टोर के सामने एबी रोड पर उसकी कार का पिछला टायर अचानक फट गया। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने पर उसने कार साइड में खड़ी कर दी।

इंदौर ट्रैफिक विभाग विवादों में

# टीआई-एसआई पर उगाही और प्रताड़ना के आरोप

इंदौर ● संवाददाता

इंदौर के पूर्वी ट्रैफिक इलाके में भ्रष्टाचार और स्टाफ प्रताड़ना को लेकर एक गंभीर गुप्त शिकायत सामने आई है। शिकायत पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तक पहुंची है, जिसमें ट्रैफिक के एक टीआई, एक एसआई और एक एचसीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

बताया जा रहा है कि ड्यूटी लगाने और हटाने के नाम पर स्टाफ से अवैध वसूली की जा रही है। कई मामलों में ऑनलाइन पेमेंट तक लेने के आरोप हैं, जिनके स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल यह जांच गोपनीय तरीके से की जा रही है और वरिष्ठ अधिकारी खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### महिला पुलिसकर्मियों के सुसाइड अटेम्प्ट का जिक्र

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर ट्रैफिक की तीन महिला पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, इस मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### अरबिंदो अस्पताल चौकी पर भी हुई थी कार्रवाई

हाल ही में अरबिंदो अस्पताल क्षेत्र की पुलिस चौकी पर अवैध लेनदेन की शिकायत राजेश सिंह तक पहुंची थी। इसके बाद चौकी हटवा दी गई और पुलिसकर्मियों को सड़क पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए थे। सीएम की वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक ट्रैफिक टीआई को वरिष्ठ अधिकारियों ने सस्पेंड किया है। आरोप है कि टीआई सीएम ड्यूटी में ही गैरहाजिर थे। उन्हें जो जिम्मेदारियां दी थीं वे पूरी ही नहीं कर पाए। डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के चलते टीआई राहुल राजपूत को सस्पेंड किया है। इसके पूर्व वे द्वारकापुरी थाने में भी पदस्थ थे। लेकिन यहां भी ड्यूटी में वे कई बार लापरवाहियां बरत चुके थे। थाने के बाहर एक बाइक सवार से मारपीट कर लूट की घटना में इन्हें द्वारकापुरी थाने से भी लाइन अटैच किया जा चुका था।



**अफसर बोले- शिकायत झूठी**

मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने कहा कि यह शिकायत झूठी और भ्रामक है। हम शिकायतकर्ता के खिलाफ जानकारी जुटा रहे हैं। शिकायत में लिखी कई बातें पूर्व की हैं, जिन पर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि रोटेशन सिस्टम लागू किया गया है, ताकि सभी जवानों अलग-अलग जगह काम करने का समान अवसर मिले। वहीं एडीशनल डीसीपी नरेश बाबू अनोटिया ने इस मामले में डीसीपी से बात करने की बात कही। दूसरी ओर एडीशनल कमिश्नर राजेश सिंह ने ऐसी किसी शिकायत की जानकारी होने से इनकार किया है।

# सफाई में लापरवाही पर निगम कमिश्नर का एक्शन

इंदौर ● संवाददाता

सफाई काम में लापरवाही बरतने वाली कर्मचारियों पर नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने एक्शन ले लिया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी उन्होंने दे दिए। मंगलवार को वे शहर में सफाई व्यवस्था देखने निकले थे। झोन क्रमांक 9, 10, 15,16,17 में उन्होंने अलग-अलग वार्डों और इलाकों में सफाई व्यवस्था देखी। इन जगहों पर जहां-जहां उन्हें सफाई व्यवस्था में लापरवाही दिखी, उन्होंने इस पर कार्रवाई करने के लिए कहा।



झोन क्रमांक 16 के गांधी नगर मेन रोड और सब्जी मंडी इलाके में कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। इस पर उन्होंने जोन 16 के सीएसआई मोहित पंवार की 2 दिन की और दरोगा बबलु पारोचे की 3 दिन की सैलेरी काटने को कहा। इसके बाद जोन 9 के जंजीरवाला चौराहे से मालवा मिल चौराहे के बीच शैल्बी अस्पताल के सामने और बालीनाथ खेल प्रशाल मैदान क्षेत्र में भी कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने सफाई करवाने को कहा और वार्ड 47 के दरोगा दीपक नाहर की सैलेरी काटने को कहा। झोन क्रमांक 10 में सफाई काम में लापरवाही और इलाके में अपेक्षित स्तर की सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर संबंधित सीएसआई और सहायक सीएसआई की 3-3 दिन की सैलरी काटने को कहा। वहीं जोन 15 के वार्ड 71 में भी साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर दरोगा की 2 दिन की सैलरी काटने के लिए अधिकारियों से कहा।

**15 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत, किया सम्मान**

इधर, निगम सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सेवानिवृत 15 निगम अधिकारियों-कर्मचारियों को महापौर सभाकक्ष में उपायुक्त केशव सगर, कर्मचारी यूनियन लीलाधर करोसिया, पूर्व महापौर परिषद सदस्य जवाहर मंगवानी व निगम अधिकारी कर्मचारियों के परिवारजन की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी। अतिथियों ने सेवानिवृत्ति अधिकारियों-कर्मचारियों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

# फिनाइल कांड के आरोपी अक्षय कुमायूं को जमानत

इंदौर ● संवाददाता

पंढरीनाथ में हुए चर्चित फिनाइल कांड मामले में कई महीनों बाद पकड़े गए आरोपी अक्षय कुमायूं को कुछ ही दिनों में जमानत मिल गई। एडवोकेट के तर्कों से सहमत होकर जज ने अक्षय को सशर्त जमानत दे दी। अक्षय को रेप कांड में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। उसे फिनाइल कांड में पुलिस ने आरोपी बनाया था।

पंढरीनाथ पुलिस ने कुछ दिन पहले बड़वाह के पास से अक्षय कुमायूं, निवासी रावजी बाजार को पकड़ा था। उस पर 20 हजार का इनाम था। पंढरीनाथ में 24 किन्नरों के फिनाइल पीने के मामले में वह आरोपी था। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वकील मनीष यादव ने उसकी जमानत के लिए जिला कोर्ट में अर्जी लगाई थी। वकील द्वारा जज के सामने तर्क दिया गया कि इस प्रकरण में पहले ही मुख्य आरोपी राजा हाशमी की जमानत हो चुकी है और अक्षय का पूर्व में आरोपियों से कभी झगड़ा नहीं रहा। गुटबाजी के चलते उसे आरोपी बनाया गया है। वहीं, वकील मनीष यादव ने यह भी तर्क दिया कि किन्नरों के एसिड पीने की पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट में भी नहीं हुई है। पूरा विवाद दो गुटों का बताया गया। इन सभी तर्कों से सहमत होकर कोर्ट ने अक्षय को सशर्त 1 लाख रुपए की जमानत दे दी। अक्षय की जमानत को लेकर किन्नर गुट ने आपत्ति भी दर्ज कराई थी, लेकिन वह उनके तर्कों के सामने टिक नहीं पाई। कोर्ट ने उनके तर्कों से सहमत होकर जमानत दे दी। अक्षय पर किन्नरों ने रेप का भी आरोप लगाया था।

फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप का खेल, मार्जिन मनी के नाम पर पैसे मांगते रहे

# रिटायर्ड बैंककर्मी से 17.37 लाख ठगे

इंदौर ● संवाददाता

**संयोगितागंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां 71 वर्षीय बुजुर्ग को शेयर और IPO में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर बदमाशों ने करीब 17.37 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने खुद को निजी कंपनी से जुड़ा बताकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई और बाद में संपर्क तोड़ दिया।**

पुलिस के मुताबिक पारसी मोहल्ला निवासी पूनमचंद महाजन (71) की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पूनमचंद निजी बैंक से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च के आसपास गूगल पर "5 पैसा केपिटल" नाम से विज्ञापन देखा था। इसके बाद उन्होंने संबंधित ऐप डाउनलोड कर ली।

### कॉल कर भरोसा जीता

ऐप डाउनलोड करने के बाद उन्हें 5 अलग-अलग नंबरों से कॉल आए। कॉल करने वालों में शालिनी ठाकुर और गौरव नाम थे। आरोपियों ने खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट बताते हुए निवेश कराने की बात कही। शुरुआत में 2 और 3 मार्च को 10-10 हजार रुपए डलवाए गए। दो हफ्ते तक मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता गया।



**पैसे निकालने पर मांगी 'मार्जिन मनी'**

जब पूनमचंद ने बेटे के इलाज के लिए पैसे निकालने की बात कही तो आरोपियों ने पहले 10% और फिर 30% मार्जिन मनी जमा करने को कहा। इस पर उन्होंने करीब 4.60 लाख रुपए और ट्रांसफर कर दिए।

### फिर लाखों का निवेश, IPO के नाम पर बड़ी रकम डलवाई

विश्वास बनने के बाद आरोपियों ने शेयर के नाम पर 2 लाख रुपए और IPO में निवेश के नाम पर करीब 12 लाख रुपए डलवा लिए।

### इसके बाद बंद कर दिया संपर्क

इतनी बड़ी रकम लेने के बाद भी आरोपियों ने पैसे वापस नहीं किए और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। कुल मिलाकर पूनमचंद से 17 लाख 37 हजार रुपए की ठगी की गई।

### पहले क्राइम ब्रांच में शिकायत, अब थाने में FIR

पीड़ित ने पहले क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। जांच के बाद मामला संयोगितागंज थाने भेजा गया, जहां अब FIR दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

## शॉर्ट न्यूज

### बुजुर्ग महिला ने बहू पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

दतिया। मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर स्वप्निल बानखेड़े के सामने रखीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। भटियारा मोहल्ला निवासी लाड़ो बाई ने अपनी बहू पर घरेलू हिंसा, मारपीट और भोजन न देने जैसे गंभीर आरोप लगाए। कलेक्टर ने मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेजकर समझाइश के निर्देश दिए। बड़ौनी तहसील के ग्राम छता की माधुरी अहिरवार ने शिकायत की कि पिछले ढाई साल से योजना की राशि नहीं मिल रही। इस पर कलेक्टर ने तत्काल जांच कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भांडेर तहसील के आंसुली गांव से आए मीनू जाटव और लोकेन्द्र सिंह जाटव ने आरोप लगाया कि संबल योजना की फाइल पर पटवारी हस्ताक्षर नहीं कर रहा।

### बहू ने लात-घूंसे से पीटकर की ससुर की हत्या

मऊगंज। मऊगंज के लौर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक बहू ने अपने ससुर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बहू को एक दिन के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना ग्राम भगतपुरा में सोमवार देर शाम को हुई। रामरती साकेत (70) ने लौर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी छोटी बहू पुष्पा साकेत (26 वर्ष), पति महेंद्र साकेत, ने उनके पति जगदीश साकेत (75 वर्ष) के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता के अनुसार, खेत से घर लौटने पर बहू पुष्पा ने विवाद शुरू कर दिया। उसने गाली-गलौज करते हुए बुजुर्ग दंपति को घर से निकालने की धमकी दी। विवाद के दौरान जब जगदीश साकेत उठे, तो बहू ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। जमीन पर गिरने के बाद पुष्पा ने उनके सीने और मुंह पर लात-घूंसे से हमला किया। मारपीट के बाद जगदीश साकेत को खून की उल्टियां होने लगीं।

### पेट्रोल-डीजल, गैस और बिजली दरों पर सरकार को घेरा

दतिया। दतिया में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों, एलपीजी संकट और 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर न्यू कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम संतोष तिवारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से गेहूं कटाई प्रभावित हो रही है। हार्वेस्टर समय पर नहीं चल पा रहे, जिससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। शहर की बदहाल व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने कहा कि मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद हैं, जिससे रात में अंधेरा पसरा रहता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। वहीं सड़कों पर आवारा सांडों की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई गई।

### देवेंद्रनगर पुलिस ने चोरी की पल्सर बाइक बरामद की

पन्ना। देवेंद्रनगर पुलिस ने बाइक चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए चोरी गई पल्सर बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, देवेंद्रनगर के वार्ड नंबर 3 निवासी फारुख सिद्दीकी, जो गुनौर में दुकान चलाते हैं, 28 मार्च की रात करीब 9 बजे काम से लौटे थे। उन्होंने अपनी बजाज पल्सर (MP 35 MK 0286) घर के बाहर खड़ी की। लगभग डेढ़ घंटे बाद रात 10:30 बजे जब वे बाहर निकले, तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को 31 मार्च, मंगलवार को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक मुटवा तिराहा के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है।

# सतना में लेखापाल 1200 रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## फाइल बढ़ाने के बदले मांगी थी घूस

**संवाददाता ● सतना**

सतना जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रीवा लोकायुक्त पुलिस ने एक माध्यमिक शिक्षक सह प्रभारी लेखापाल को 1200 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार दोपहर रामपुर बाघेलान क्षेत्र के सज्जनपुर संकुल केंद्र में की गई। आरोपी की पहचान महेंद्र पांडेय के रूप में हुई है।

आरोपी महेंद्र पांडेय पर ग्राम बरहा प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक मनोज प्रताप सिंह से क्रमोन्नति संबंधी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। शिक्षक मनोज प्रताप सिंह ने इस संबंध में लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत दर्ज कराई थी।



### 1200 लेते रंगे हांथों पकड़ा

शिकायत की सत्यता की जांच के बाद लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे लोकायुक्त टीम ने सज्जनपुर स्थित विद्यालय में दबिश दी। पूर्व निर्धारित योजना के तहत जैसे ही आरोपी लेखापाल ने शिकायतकर्ता से 1200 की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए और आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। लोकायुक्त टीम आरोपी लेखापाल को अपने साथ रीवा ले गई है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। इस ट्रैप टीम में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया और एस राम मरावी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। लोकायुक्त अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि कोई भी शासकीय कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी शिकायत तत्काल लोकायुक्त कार्यालय में करें, ताकि ऐसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

### मां ने ट्रेन के सामने बेटी को धकेला,13-दिन बाद मौत

इटारसी। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन में जिस 8 साल की बच्ची को उसकी मां ने ट्रेन के सामने फेंक दिया था, 13 दिन बाद भोपाल में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में काम करने वाली उसकी क्लर्क मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे के मुताबिक, नर्मदापुरम निवासी अंजू राजपूत 17 मार्च की रात करीब 8 बजे अपनी बेटी युविका को लेकर रेलवे स्टेशन पहुंची। काफी देर तक घूमने के बाद उसे तमिलनाडु एक्सप्रेस के आगे धक्का दे दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल बच्ची को पहले नर्मदापुरम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी सर्जरी हुई, तब से उसका इलाज चल रहा था।

### आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, दो युवकों की मौत, तीन घायल

अशोकनगर। अशोकनगर के नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर मंगलवार सुबह दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर है। हादसा करीब 9 बजे बीसौर गांव के पास हुआ। पुलिस ने घायलों और शवों को अस्पताल भिजवाया। नईसराय थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर के अनुसार- कालुआखेड़ी निवासी विशाल जाटव रिश्तेदार सुनील जाटव के साथ बाइक (MP 09 QA 8207) से नईसराय की ओर जा रहा था। बीसौर गांव के सपेरा डेरा निवासी गोविंद नाथ, राजा नाथ और बंटी नाथ के साथ बाइक (MP 67 MC 6298) से अपने डेरे की ओर लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंचा।

#### कहा- हिंदुओं को बनानी होगी तालिबान और ISIS जैसी सेना

# यति नरसिंहानंद बोले- बजरंग दल-संघ के चक्कर में न पड़ें

**संवाददाता ● गुना**

डासना देवी मंदिर के महंत और हिंदुत्ववादी नेता महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती ने एक बार फिर अपने बयानों से नया विवाद खड़ा कर दिया है। गुना प्रवास के दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि हिंदुओं को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उन्हें तालिबान और आईएसआईएस के पैटर्न पर अपनी सेना तैयार करनी होगी। उन्होंने संघ और बजरंग दल जैसे संगठनों पर तीखा कटाक्ष करते हुए इन्हें समलैंगिकों का संगठन करार दिया और कहा कि इनके भरोसे सनातन धर्म का बचना असंभव है।

### हिंदू रक्षा सेना जैसे संगठन केवल फोटो खिंचाने वाले संगठन

महामंडलेश्वर ने कहा कि जो समर्पण और कट्टरता इस्लाम के लिए तालिबान और आईएसआईएस दिखाते हैं, अगर वैसी ही सेना बनाने में कोई सक्षम है, तो वह उसका पूर्ण समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, बाकी की फालतू सेनाओं का हम समर्थन नहीं करते। बजरंग दल और संघ जैसे संगठनों के चक्कर में पड़े रहे, तो भविष्य में सनातनियों का कुछ भी बचने वाला नहीं है। हिंदू रक्षा सेना या हिंदू सुरक्षा सेना जैसे नाम केवल सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने और ड्रामा करने वाले संगठन हैं। उन्होंने कहा कि ये नेताओं की चमचागिरी कर अपने चुनाव का रास्ता ढूंढते हैं, लेकिन धर्म के लिए लड़ने का साहस इनमें नहीं है।



### विश्वगुरु का सपना एक छलावा

नरसिंहानंद ने कहा कि भारत अगर विश्वगुरु बना भी, तो वह सनातन भारत नहीं बल्कि मुस्लिम भारत होगा। उन्होंने दावा किया कि जिस गति से जनसंख्या असंतुलन बढ़ रहा है, उससे हम समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने हिंदू धर्मगुरुओं को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो गुरु भारत के विश्वगुरु बनने का दावा कर रहे हैं, वे असल में अपने अनुयायियों को मूर्ख बना रहे हैं। वह अपने लोगों को मूर्ख बना रहे होते हैं। जब तक उनका पैसा बन रहा है बना ले उसके बाद देश छोड़कर भाग जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार ही नहीं है। देश तो समर्पण की मुद्रा है जैसे 1400 साल से समर्पण की मुद्रा में हैं। केवल हमारे यहां मुट्ठीभर लोग हुए हैं जिन्होंने लड़ाई लड़ी है। महाराणा प्रताप, छत्रसाल, शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह जी जैसे मुट्ठी में गिनने लायक थे वर्ना यह देश तो 1400 साल से समर्पण के लिए तैयार बैठा है। हमें तो अपने बाप दादाओं के अहसानमंद होना चाहिए जिन्होंने गरीबी झेल कर, अत्याचार झेलकर ज्यादा बच्चे पैदा किए और आज हम बच गए।

# मंदिर से लौट रहे भाजपा पार्षद की गोली मारकर हत्या

**संवाददाता ● दतिया**

दतिया में मंदिर से लौट रहे भाजपा पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर कौन थे। अभी यह पता नहीं चला है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे सेवढ़ा चुंगी चौराहे की है।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि वार्ड नंबर 1 के पार्षद कल्लू कुशवाहा रोज की तरह चौराहे पर टहलने आए थे। उनके साथ दो लोग और थे, तभी तीन हमलावर पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। उन्होंने दो राउंड फायर किए। एक गोली कल्लू के सिर, दूसरी पीठ में लगी। गोली लगते ही वे गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग गए।

### पूर्व पार्षद की हत्या में उम्रकैद की सजा

दतिया एसडीओपी आकांक्षा जैन ने बताया कि कल्लू पर शराब तस्करी, हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे 15 से अधिक क्रिमिनल केस दर्ज थे। मामला वर्चस्व के विवाद से जुड़ा है। बता दें कि कल्लू कुशवाहा 2022 में वार्ड नंबर-1 से भाजपा के टिकट पर पार्षद चुने गए थे। 18 फरवरी 2025 को दतिया कोर्ट ने पूर्व पार्षद बाल किशन कुशवाहा की हत्या के मामले में पार्षद कल्लू कुशवाहा समेत छह लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो कल्लू कुशवाहा को जमानत मिल गई थी। करीब 4 महीने पहले ही वह जेल से बाहर आए थे। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



कल्लू कुशवाहा, मृतक

### नगर पालिका का बजट सम्मेलन स्थगित

पार्षद कल्लू कुशवाहा की हत्या के बाद नगर पालिका का बजट सम्मेलन स्थगित कर दिया गया। बैठक की शुरुआत में सभी पार्षदों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। नगर पालिका अध्यक्ष के बेटे प्रशांत ढेंगुला ने बताया कि बजट पहले ही प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) में पारित किया जा चुका है, इसलिए अब इसे स्वतः मंजूर माना जाएगा। उन्होंने कहा कि औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के कारण शहर के विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे।

# ट्रैक्टर पर बैठीं महिला DSP-SDOP, रिश्वतखोर कॉन्स्टेबल को पकड़ा

**संवाददाता ● कटनी**

मध्यप्रदेश के कटनी के बहोरीबंद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अनोखा ट्रैप ऑपरेशन सामने आया। प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक और एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने मजदूर बनकर ट्रैक्टर पर सफर किया और अवैध वसूली करने वाले आरक्षक को रंगे हाथ पकड़ लिया। दरअसल, एसपी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बहोरीबंद थाना क्षेत्र में वाहन चालकों, खासकर किसानों और ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली की जा रही है। इसी के बाद रणनीति के तहत दोनों महिला अफसरों ने सुबह करीब 5 बजे सादा वेश धारण किया और ट्रैक्टर पर मजदूरों के साथ बैठ गईं।

### रिश्वत के पैसे लेते ही रंगे हाथ गिरफ्तारी

स्लीमनाबाद मोड़ के पास थाना मोबाइल वाहन पर तैनात आरक्षक लक्ष्मण पटेल ने ट्रैक्टर को रोका और 500 रुपए की मांग की। जैसे ही आरक्षक ने पैसे लिए, ट्रैक्टर पर मौजूद महिला अफसरों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई, जिसे बाद में वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा गया। कार्रवाई के बाद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया को लापरवाही और अवैध वसूली के आरोपों में पद से हटा दिया गया।

#### रतलाम में कुल 80 लाख का माल जब्त, 4 गिरफ्तार; आधी रात को पुलिस ने दी दबिश

# पोल्ट्री फार्म में चल रही एमडी ड्रग फैक्ट्री पकड़ी

**संवाददाता ● रतलाम**

रतलाम के पिपलौदा के बोरखेड़ा गांव में सोमवार रात पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में संचालित अवैध मादक पदार्थ एमडी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। पोल्ट्री फार्म से 20 लाख रुपए की 200 किलो एमडी के साथ एमडी बनाने का केमिकल व अन्य सामग्री मिली है। केमिकल, एक बोलेरो व अन्य सामान मिलाकर करीब 80 लाख की सामग्री जब्त की गई है।

पोल्ट्री फार्म से 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो एमडी बनाने के काम में शामिल थे। मुख्य सरगना राजस्थान के देवल्दी का रहने वाला है। वह मंदसौर पुलिस से फरार चलते हुए रतलाम में छिपकर अवैध रूप से एमडी बनाने का कारखाना संचालित कर रहा था। एसपी अमित कुमार ने एमडी बनाने की फैक्ट्री का खुलासा मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रुम पर किया। एसपी कुमार ने बताया तीन से चार दिन पहले सूचना मिली थी कि कंचनखेड़ी स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर अवैध रूप से एमडी बनाने का कारखाना संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार प्लान बनाकर टीम बनाई। एएसपी विवेक कुमार लाल, जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय के नेतृत्व में सायबर सेल, थाना पिपलौदा, थाना जावरा शहर व थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा की संयुक्त टीम बनाई।



### सुबह तक चली कार्रवाई

पुलिस टीम ने सोमवार रात करीब 11.55 बजे दबिश दी। पुलिस ने किसी भी प्रकार से कार्रवाई को लेकर भनक तक नहीं लगने दी। चारों तरफ से पोल्ट्री फार्म की घेराबंदी की, ताकि अंदर से कोई भाग ना सके। दबिश के दौरान पोल्ट्री फार्म में से 4 लोग मिले। पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने चारों को पकड़ लिया। चारों मिलकर केमिकल का उपयोग कर एमडी बना रहे थे। मंगलवार सुबह 9 बजे तक कार्रवाई चली। फैक्ट्री को पकड़ने में जावरा औद्योगिक थाने के आरक्षक बालकृष्ण चंदेल की मुखबिरी से रतलाम पुलिस को यह रैकेट पकड़ने में सफलता मिली।

### तलाशी लेने पर 20 लाख की एमडी मिली

कार्रवाई के दौरान तलाशी ली तो 200 ग्राम एमडी तैयार मिली। इसके साथ एमडी बनाने के केमिकल, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, ड्रायर मशीन, इलेक्ट्रिक बोर्ड. छाछ बनाने की मशीन, स्टील की थालियां, प्लास्टिक कैन एवं अन्य प्रोसेसिंग उपकरण, तीन मोबाइल जब्त किए। आरोपियों से पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ एमडी बनाना स्वीकार किया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में पिपलौदा थाने में केस दर्ज किया।

#### जबलपुर में विधायक टी राजा बोले-आदिवासी-हिंदू समाज खत्म, तो भूल जाओ एमपी में भगवा सरकार

# मोहन भैया... प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है धर्मांतरण'

**संवाददाता ● जबलपुर**

**हिंदूवादी नेता और तेलंगाना से विधायक टी. राजा मध्यप्रदेश के जबलपुर में गदा यात्रा में शामिल होने पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी सलाह दी है कि आपके प्रदेश में तेजी से धर्मांतरण बढ़ रहा है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया, तो धीरे-धीरे आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा। फिर भूल जाइए कि कभी एमपी में भगवाधारी सरकार बनेगी। फायर ब्रांड नेता टी. राजा हिंदू सेवा परिषद की गदा यात्रा में शामिल होने मंगलवार को जबलपुर पहुंचे थे, जहां नोदरा ब्रिज चौराहे पर एक विशाल सभा को संबोधित किया।**

टी. राजा ने कहा कि आज जो यह गदा यात्रा निकाली जा रही है, उसका सिर्फ एक उद्देश्य है कि हम सभी को हनुमानजी जैसा बनना चाहिए। जैसे उन्होंने कल्चर शुरू किया था। घर में घुसकर मारने का आज जरूरत आन पड़ी है कि हम सबको मिलकर उसी राह पर चलना है। आने वाला समय युद्ध का होगा और हमें अपने ही देश, अपने ही प्रदेश में रह रहे लोगों से लड़ना होगा। अगर आज हमने युद्ध की तैयारी नहीं की, तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ी गुलाम हो जाएगी। 5 हजार से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए विधायक टी. राजा ने कहा कि हमारे मध्यप्रदेश में धर्मांतरण को लेकर कानून बना हुआ है। अगर हमारे आदिवासी भाइयों, माताओं-बहनों का कोई धर्मांतरण करवाता है, तो उसे सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी। इसका प्रावधान भी है, लेकिन आज भी प्रदेश में अनेक हिंदुओं का धर्मांतरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर भगवा सरकार को जिताया है, हर हिंदू की रक्षा करने का सरकार ने संकल्प लिया है और कानून बनाया है, फिर भी अगर इसे नहीं रोक पा रहे हैं, तो हमारे मुख्यमंत्री जी को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या भगवाधारी सरकार मध्यप्रदेश में फिर जीत पाएगी।



### हमारे कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है

विधायक टी. राजा ने कहा कि कुछ दिनों पहले धर्मांतरण को रोकने के लिए एक चर्च में हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की थी, जिसके बाद कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया गया। उन्होंने कहा कि हिंदू सेवा परिषद जो काम कर रही है, वह आपके वोट बैंक को मजबूत कर रही है। आज जितने भी गदाधारी हैं, चुनाव के समय जब ये बैलेट मशीन में बटन दबाने जाएंगे, तो उन्हें सिर्फ एक ही सिंबल दिखाई देता है और वह है भगवे का। आज नेताओं को सोचने की जरूरत है कि उन कार्यकर्ताओं को न दबाएं, जो उनकी कुर्सी को मजबूत करने का काम करते हैं। लव जिहाद को लेकर मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कानून बनाया है, लेकिन इसके बाद भी हमारे यहां की एक इंटरनेशनल बेसबॉल खिलाड़ी बहन ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि एक व्यक्ति ने हिंदू नाम बदलकर उसे ट्रैप किया था। धर्म बदलने की कोशिश की, उसकी फोटो रख ली थी, लेकिन हमारी बहन ने इज्जत के खातिर जान दे दी। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ कानून पारित कर कागजों में रख देती है।

### मोहन भैया आप यूपी वाला पैटर्न अपनाओ

टी. राजा ने प्रदेश में बढ़ रहे धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मामलों को लेकर सीएम मोहन यादव से निवेदन किया कि आप उत्तर प्रदेश वाला पैटर्न अपनाएं। यूपी में अगर कोई हमारी बहन-बेटी को आंख उठाकर भी देखता है, तो सख्त कार्रवाई होती है। वहां कार्यकर्ताओं को भी छूट दी जाती है। आज हम सबको मिलकर मोहन भैया से निवेदन करना है कि हर बहन-बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### पश्चिम बंगाल में धंधा करने गए ओवैसी

विधायक टी. राजा ने कहा कि जबलपुर दौरे के दौरान उन्होंने ओवैसी ब्रदर्स पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने नहीं, बल्कि धंधा करने गए हैं। विपक्षी पार्टियों को ब्लैकमेल करते हैं कि चुनाव में उनके वोट काटेंगे, नहीं तो पैसे दो। छोटे और बड़े ओवैसी दोनों का एक ही काम है। देश में अगर मुसलमानों का सबसे बड़ा कोई दुश्मन है, तो वह ओवैसी हैं, न कि बीजेपी।

### ममता बनर्जी की बड़ी हार होने वाली

फायरब्रांड नेता टी. राजा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बौखला गई हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने 77 सीटें जीती थीं और इस बार ममता की बड़ी हार होने वाली है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भगवा लहराएगा। एसआईआर को लेकर टी. राजा ने कहा कि इसका मतलब यह है कि जिसका वोट है, वही रहेगा। ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों को पनाह दे रखी है, जिनके वोट एसआईआर से कटेंगे और उन्हें वहां से जाना पड़ेगा।

खरगोन में प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन

# पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर बुलंद हुई आवाज, पत्रकारों ने दी प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

## हजारों पत्रकारों की मौजूदगी में एकता का प्रदर्शन, सरकार को मांगें मानने का अल्टीमेटम

खरगोन ● रविन्द्र परमार





**मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वावधान में शहर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन ने पत्रकार एकता और संगठन की ताकत का बड़ा संदेश दिया। सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों पत्रकारों ने भाग लेकर पत्रकार हितों की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया।**

महासम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने कहा कि यह आयोजन सरकार को पत्रकारों की एकजुटता का अहसास कराने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती, तो पत्रकारों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।

### पत्रकारों के मुद्दों पर गहन मंथन

प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान, संभाग अध्यक्ष विजय मोरे और जिला महासचिव मनीष मडाहर ने बताया कि सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, आवास और अन्य मूलभूत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो, पत्रकारों के हितों की लगातार अनदेखी हुई है। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब-जब पत्रकारों पर संकट आया है, तब-तब समाज पर भी खतरा मंडराया है। वर्तमान समय में कलमकार सुविधाओं से वंचित होकर असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को इन मुद्दों पर आंदोलनात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है।

### 21 सूत्रीय मांगें, 'हल्ला बोल' की तैयारी

जिलाध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने जानकारी दी कि संगठन द्वारा 21 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं, जिनमें से 18 को सरकार ने स्वीकृति दी है, जबकि शेष प्रमुख मांगों में पत्रकार सुरक्षा कानून, वन वापसी, प्रत्येक जिले में पत्रकार भवन और आवास व्यवस्था शामिल हैं। इन मांगों को लेकर 1 मई को भोपाल में 'हल्ला बोल' कार्यक्रम आयोजित कर सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

### अतिथियों ने भी उठाई सुरक्षा की मांग

कार्यक्रम में कसरावद विधायक सचिन यादव, सीएमडी एल.एन. मालवीय, पद्मश्री जगदीश जोशीला सहित प्रदेशभर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एल.एन. मालवीय ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। विधायक सचिन यादव ने कहा कि पत्रकार दिन-रात काम कर समाज के सामने सच्चाई लाते हैं, लेकिन वर्तमान में उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि देश और प्रदेश में पत्रकारों पर हमले, धमकियां और झूठे मुकदमे बढ़ रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

### नहीं मानी मांगें तो चरणबद्ध आंदोलन

प्रदेश अध्यक्ष भदौरिया ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गईं, तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्यक्रम में मनोज रघुवंशी, सुनील शर्मा, राधेश्याम पाटीदार, संजय पाराशर, संदीप मड़ाहर, नीरज ठक्कर, शुभम बगलाने, पप्पू ठक्कर, आवेश परसाई और प्रवीण पाल, रविन्द्र परमार सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। अंत में संभाग अध्यक्ष विजय मोरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन ने स्पष्ट कर दिया कि पत्रकार अब अपने अधिकारों को लेकर संगठित हैं और जरूरत पड़ी तो बड़े स्तर पर आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### वरिष्ठ पत्रकारो के साथ निमाड़ के गौरव का होगा सम्मान

अधिवेशन में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वालों वरिष्ठ पत्रकार मनोहर मंजुल पिपलिया , बृजेंद्र जोशी बड़वाह और भागीरथ नामदेव खरगोन शामिल हैं।

### तोमर के साथ दिग्गज नेताओं की उपस्थिति से बढ़ेगी रौनक

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 01 अप्रैल को अपने तीन दिवसीय विशेष प्रवास के तहत खरगोन जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। उनके साथ सांसद गजेंद्र पटेल, बड़वाह विधायक सचिन बिर्ला, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इंदौर से कसरावद होते हुए खरगोन पहुंचने वाले तोमर का स्वागत किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी रवींद्र वर्मा एवं डीआईजी सुंदर बहुगुणा सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। यह आयोजन सनावद रोड स्थित कृष्णा होटल एवं रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा।

---

### 4 अप्रैल को महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी टंट्या मामा की जन्म स्थली कोठड़ा पहुंचेंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी

खरगोन। महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी टंट्या मामा की जयंती पर 4 अप्रैल को भीकनगांव विधानसभा के कोठड़ा ग्राम मे होने वाले कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल होगें। उक्त जानकारी



देते हुवे जिला कांग्रेस प्रवक्त राजेश मंडलोई ने बताया की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी 4 अप्रैल को प्रात: 11 बजे इंदौर से रवाना होकर जामगेट से मण्डलेश्वर, कसरावद, खरगोन एवं बमनाला होते हुवे दोप: 2 30 बजे कोठड़ा पहुचेंगे। उन्होंने आगे बताया कि टंट्या मामा के जन्म जयंती समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक, पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, भीकनगांव विधायक एवं मप्र कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमति झुमा सोलंकी, पूर्व मंत्री एवं विधायक सचिन यादव, विधायक केदार डावर सहित तमाम ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण, मण्डलम अध्यक्ष, सेवादल, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, आदिवासी कांग्रेस, अजा कांग्रेस, सोशल मीडिया सहित सभी प्रकोष्ट एवं विभाग के पदाधिकारी सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल होगें। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से निमाड़ के सभी कांग्रेस कार्यकताओं एवं आम जनता से इस आयोजन में शामिल होने की अपिल की है।

---

# टीईटी के विरोध में संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय महारैली 8 अप्रैल को

खरगोन ● संवाददाता



प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध एवं नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की मांग को लेकर अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय महारैली 8 अप्रैल को निकाली जाएगी पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा ।

स्थानीय सब्जी मंडी पार्क में आयोजित बैठक में राज्य शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ, ट्राईबल वेलफेयर संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, एनएमओपीएस संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, पीएमयूएम संघ के पदाधिकारियो में संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर 8 अप्रैल को जिला स्तरीय रैली निकालने का निर्णय लिया। 8 अप्रैल की महारैली में जिले भर के शिक्षक सब्जी मंडी पार्क में एकत्रित होंगे यहां से शहर के प्रमुख मार्गो रैली निकाल कर अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर प्रभुराम मालवीया, दिनेश पटेल, ग्यारसीलाल पटेल, अतीक खान, जगदीश चौधरी, विष्णु ठाकुर, विनोद पंडित, गोपीचंद सहिते,भारत डावर, रामलाल पंचोले, शांतिलाल यादव, कृष्णराज राठौर, संतोष व्यास, महेंद्र पाटीदार, काशीराम पटेल, मनीष डोंगरे, धर्मेंद्र कुशवाह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। गत दिनों अध्यापक शिक्षक संवर्ग के 14 संगठनों ने भोपाल में संयुक्त मोर्चा के नाम से मोर्चा गठित किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि मोर्चा 8 अप्रैल को जिला मुख्यालयो एवं 11 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालयो में प्रदर्शन करने के बाद 18 अप्रैल को राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से टीईटी परीक्षा को निरस्त कराने एवं सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने के मुद्दों को लेकर सड़क और न्यायालय पर संघर्ष की रणनीति बनाई गई।

---

# आज लगेगा श्री रेणुका माता का भव्य मेला

खरगोन ● संवाददाता



जिले के समीप राजपुरा-खेड़ा क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध श्री रेणुका माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। एक दिवसीय यह मेला आज बुधवार को आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुचेंगे ।

माता रेणुका का यह प्राचीन मंदिर राजपुरा एवं खेड़ा के मध्य एक पहाड़ी पर स्थित है। मान्यता है कि मंदिर का निर्माण लगभग 14वीं शताब्दी में हुआ था। यहां माता के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है और दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार माता के दरबार में अनेक प्रकार के कष्टों एवं रोगों से मुक्ति मिलती है। विशेष रूप से त्वचा संबंधी रोगों के निवारण के लिए श्रद्धालु यहां मिट्टी के बने नंदी का चढ़ावा चढ़ाते हैं। साथ ही, महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली होने के कारण इस स्थान का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

---

# भोपाल में 14 हजार से 11,000 पर आई गैस बुकिंग

## अफसर बोले-अफवाह से लोगों ने एक्स्ट्रा सिलेंडर जमा किए, बैरागढ़ से 50 सिलेंडर जब्त

भोपाल ● संवाददाता



मध्य प्रदेश में LPG सिलेंडर को लेकर 'पैनिक' जैसा माहौल अब सामान्य होने लगा है। भोपाल की बात करें तो यहां गैस सिलेंडर की बुकिंग 3 हजार तक घट गई है। पिछले दिनों हर रोज 14 हजार से ज्यादा बुकिंग हो रही थी, जो पिछले 2 दिन से 11 हजार हो गई है। फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि अफवाहों की वजह से लोगों ने अतिरिक्त सिलेंडर जमा कर लिए। अब कई एजेंसियों पर बुकिंग ही नहीं आ रही है।

फूड कंट्रोलर जादौन ने बताया कि भोपाल की 3 बड़ी एजेंसियों पर ही बुकिंग ज्यादा आ रही है। बाकी में आम दिनों की तुलना से भी कम बुकिंग है। दूसरी ओर, पेंडिंग बुकिंग की संख्या भी कम हो रही है। यह आंकड़ा अब 35 हजार से भी कम ही है।

### दो दिन पहले एजेंसियों पर भीड़ लगी थी

दो दिन पहले की बात करें तो भोपाल में 28 से 30 हजार तक बुकिंग हो गई, जबकि सप्लाई 22 हजार तक ही रही। इससे पेंडिंग बुकिंग का आंकड़ा 40 हजार तक पहुंच गया है। वहीं, घरों में सप्लाई भी 4 से 5 दिन में हो रही है।

### बैरागढ़ में कार्रवाई, छापे में रखे मिले सिलेंडर

इधर, मंगलवार को खाद्य विभाग ने बैरागढ़ में एक जगह पर दबिश दी। जहां पर घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए थे। तब इनकी गिनती की गई तो यह करीब 50 निकले।

### भोपाल में पहले से दोगुनी हो रही बुकिंग

अफसरों ने बताया कि भोपाल में शुरुआत से ही रसोई गैस को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन पिछले लोग अफवाह की वजह से पैनिक हो गए। इस कारण बुकिंग संख्या बढ़ गई। भोपाल में ही एजेंसियों के पास 5 से 6 दिन का स्टॉक है। भौंरी स्थित ऑयल डिपो से सिलेंडर की सप्लाई भी जारी है।

### 31 गैस सिलेंडर में तीन किलो तक गैस कम निकली

भोपाल के कोलार स्थित बैरागढ़ चीचली में सिद्धार्थ इंडेन गैस एजेंसी के वाहन चालक के घर के बाहर जांच में कम तौल के सिलेंडर पकड़ाए हैं। नापतौल विभाग में सूचना प्राप्त होने पर विभाग के निरीक्षक गोविंद प्रसाद रायकवार अर्पित जैन द्वारा दोपहर 1 बजे बैरागढ़ चीचली कोलार स्थल पर पहुंचकर सिद्धार्थ गैस एजेंसी के वाहन चालक राजू मेवाड़ा के निवास के बाहर गैस एजेंसी के वाहन में से 42 सिलेंडर की जांच की गई। सब सील पैक पाए गए इस जांच में लगभग 3 घंटे का समय दल को लगा जिसमें 42 सिलेंडरों में गैस की मात्रा की जांच की गई। जिसमें से 31 सिलेंडरों में 3 किलो तक गैस कम पाई गई। 918 रुपए का घरेलू गैस सिलेंडर आ रहा है 3 किलो गैस कम यानि 200 तक का नुकसान उपभोक्ता को हो जाता है।

### 45 सिलेंडर में कम पाई गई गैस

खाद्य विभाग भोपाल द्वारा घरेलू गैस का अवैध भंडारण और गैस का अंतरण पर बड़ी कार्रवाई। चंद्रभान सिंह जादौन जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल के नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारी संदीप भार्गव सहायक आपूर्ति अधिकारी , सुनील वर्मा, तृणाल जांभोकर और वसुंधरा पेंड्रो कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा बैरागढ़ चिचली कोलार रोड में अवैध गैस सिलेडर रीफिलिंग पॉइंट और अवैध गैस सिलेंडर के भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई और भारी मात्र में गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं। बैरागढ़ चिचली के रवि मेवाड के मकान में इंडेन कंपनी के गैस सिलेंडर वाहन अवैध खड़ा पाया गया, यह वाहन दो दिवस से भरकर खड़ा हुआ था।

वाहन के चालक राजू मेवाड़ के द्वारा बताया गया कि उनके जीजाजी रवि मेवाड़ा सिद्धार्थ इंडेन गैस एजेंसी औरा मॉल के वाहन चालक और डिलीवरी मैन है। मौके पर वाहन में 50 नग गैस सिलेंडर लोड पाए गए जिसके विरुद्ध 10 बिल उपलब्ध किए गए। वाहन में लोड सिलेंडर का तौल नाप तौल विभाग भोपाल के अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमे से 45 गैस सिलेंडर में मानक वजन 14.2KG गैस न होकर 2 से 3 किलो ग्राम गैस कम पाई गई मौके पर 8 गैस सिलेंडर की कंपनी सील और प्लास्टिक कि कैप नहीं पाई गई और गैस भंडारित पाई गई। 45 गैस सिलेंडर में गैस कम और वाहन अवैध स्थान पर खड़ा होने के कारण मौके से खाद्य विभाग द्वारा 19 सिलेंडर और नाप तौल विभाग द्वारा 39 घरेलू गैस सिलेंडर और टाटा ace लोडिंग ऑटो मौके से जप्त किया गया।

---

# घूरने की बात पर युवक को चाकू मारे

## पेट और हाथ में तीन वार किए, युवक का हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज

भोपाल ● संवाददाता

भोपाल के रंभा नगर में सोमवार देर रात घूरने के विवाद में 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई की। उसके पेट और हाथ में चाकू से तीन वार किए गए। इससे युवक को गंभीर चोट आई है। हमीदिया अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौतम नगर पुलिस के मुताबिक गुलफाम पुत्र मोहम्मद जुबैर (31) रंभा नगर थाना गौतम नगर इलाके में रहता है। वह बागफरहत अफजा में लेडीज टेलर की दुकान चलाता है। रंभा नगर में साजिद मौलाना और शाहजाद मौलाना रहते हैं। रविवार की रात को साजिद के घर के करीब ही गुलफाम एक टॉन एन्ड टाउन में खड़ा था।

साजिद ने उसे कहा कि तू घूरता क्यों है, इस बात का गुलफाम ने विरोध किया और दोनों के बीच बहस हो गई। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को गुलफाम घर जा रहा था। तभी साजिद और उसके बेटे ने दोबारा उसे घूरने की बात पर घर के करीब रोका और पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर पड़ोस में रहने वाला साजिद का भाई शाहजाद उसका बेटा, साहिल बच्चा और बिलाल बच्चा ने भी उसे पीटा।

### लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए आरोपी

साहिल और बिलाल ने चाकू से गुलफाम पर वार किए, जिससे उसे गंभीर चोट आई, इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल गुलफाम को अस्पताल पहुंचाया। जहां से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

# करंट लगने से मजदूर की मौत

## मार्बल घिसाई करते समय हादसा हुआ, मशीन में लगा था कटा हुआ तार

भोपाल ● संवाददाता



**भोपाल के कोहेफिजा इलाके में मार्बल की घिसाई करते समय एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।**

सोनू वर्मा पुत्र पूरन सिंह वर्मा (25) मूलरूप से राजगढ़ का रहने वाला था। फिलहाल भोपाल की भानपुर मल्टी में किराए से रहता था। भोपाल में ही मार्बल घिसने वाली मशीन की आपरेटिंग का जॉब करता था। लालघाटी में उसकी साइट चल रही है। मंगलवार की दोपहर को साइट पर मार्बल क्लिनिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे कटे हुए तार से करंट लग गया। इससे उसकी मौत हो गई। काफी देर तक जब मशीन चलने की आवाज नहीं आई तो साथी उसे चेक करने पहुंचा। जहां सोनू जमीन पर बेसुध हालत में मिला। तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

संपादकीय

## रुपये की गिरावट रोकने रिजर्व बैंक के एक्शन से बैंकों पर दबाव

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले में लगातार गिरता चला जा रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 95.30 के स्तर तक पहुंच गई है। इस वर्ष डॉलर के मुकाबले रुपए में करीब 11 प्रतिशत की गिरावट हुई है। पिछले 14 वर्षों में यह सबसे बड़ी गिरावट है। इस स्थिति को संभालने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कड़ा कदम उठाते हुए बैंकों की नेट ओपन रुपया (एनओपी) पर 100 मिलियन डॉलर की सीमा तय कर दी है। आरबीआई के निर्देश के अनुसार, सभी अधिकृत विदेशी मुद्रा डीलरों को 10 अप्रैल से प्रत्येक कारोबारी दिन के अंत में अपनी ओपन पोजीशन इस तय सीमा के भीतर रखनी होगी। इससे पहले बैंकों को अपनी कुल पूंजी के 25 प्रतिशत तक डॉलर मुद्रा रखने की छूट थी। जिससे बैंकों और डीलरों के लिए डॉलर रखने की कोई सीमा नहीं थी। रिजर्व बैंक द्वारा डॉलर की सीमा निर्धारित कर दिए जाने के कारण अब रुपए के मुकाबले डॉलर की मांग कम होगी। रिजर्व बैंक ने डॉलर और रुपए की सट्टेबाजी को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। जिस तरह से डॉलर की कीमत बढ़ रही थी उसके साथ ही सट्टेबाजी में डॉलर मुद्रा का उपयोग हो रहा था जिसके कारण रुपए में अकारण गिरावट देखने को मिल रही थी। वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक का मानना है की सीमा निर्धारित कर दिए जाने से सट्टेबाजी में रोक लगेगी। कुछ बड़े निवेशक डॉलर का उपयोग सट्टेबाजी के लिए कर रहे थे। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, रिजर्व बैंक के इस फैसले से बैंकों और ट्रेडर्स को डॉलर मे निवेश को कम करना पड़ेगा, जिससे डॉलर की मांग कम होगी, इससे रुपये को मजबूती मिलेगी। रिजर्व बैंक की इस कार्रवाई से कई दुष्प्रभाव भी देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, बैंकों को 30 से 45 अरब डॉलर की पोजीशन को कम या समाप्त करना पड़ सकता है, भविष्य में डॉलर की कमी से डीलरों, बैंकों और आयातकों को नुकसान हो सकता है। हाल ही में रुपए में मजबूती जरूर आ जाएगी, लेकिन भविष्य में इसका बड़ा दुष्प्रभाव भी देखने को मिल सकता है। डॉलर मुद्रा को लेकर छोटे लेन-देन में इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा। वहीं डॉलर मुद्रा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। जिससे बाजार में अस्थिरता बढ़ने का खतरा है। रिजर्व बैंक ने जो सीमा निर्धारित की है, पूर्व में किए गए अनुबंध और डॉलर के लेन-देन पर इसका असर पड़ना तय है। बैंकों को इस कारण भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। सभी बैंक एक साथ डॉलर मुद्रा को इस सीमा पर लाने की कार्रवाई करते हैं, तो बाजार में डॉलर की आपूर्ति अचानक बढ़ेगी। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में सुधार आएगा। आगे चलकर यह स्थिति भविष्य के लिए जटिल हो सकती है। बैंकों ने आरबीआई से समय सीमा को बढ़ाने की मांग की है। बैंकों ने पुराने लेनदेन और डॉलर मुद्रा के निवेश पर इस सीमा से बाहर रखने की मांग की है। बेंकों का सुझाव है, नए सौदों पर यह नियम लागू किए जाएं, ताकि धीरे-धीरे डॉलर मुद्रा के लेन-देन को लेकर संतुलन बनाया जा सके। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, आरबीआई का यह कदम जरूरी था। सट्टेबाजी के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा था। रिजर्व बैंक ने एक ही बार में हथोड़ा पटक दिया है। इस सीमा को चरणबद्ध तरीके से लागू करना ज्यादा प्रभावी साबित हो सकता है। बैंकों की मांग नाजायज नहीं है। शेयर बाजार और बैंकों के निवेश में वह आकर्षण नहीं था जो डॉलर मुद्रा पर था जिसके कारण भारत में डॉलर मुद्रा को लेकर सट्टेबाजी बड़ी मात्रा में हो रही थी। रिजर्व बैंक की इस कार्रवाई से डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट को रोकने में मदद मिलेगी, लेकिन यह मदद कितने समय तक रहेगी इसका कोई आकलन रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया। इसे जल्दबाजी में उठाया गया एक कदम माना जा सकता है। वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक को इस पर गंभीरता से विचार विमर्श करने की जरूरत है। भारत के आयात-निर्यात व्यापार में एवं अन्य लेन-देन में डॉलर मुद्रा का अपना वजूद है। भारत में यदि डॉलर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होगा, ऐसी स्थिति में और भी कई तरीके की मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। बैंकों द्वारा यदि डॉलर मुद्रा की निकासी बहुत कम समय में की गई तो ऐसी स्थिति में बैंकों को भारी नुकसान हो सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद के अंदर जिस तरह से विश्वास के साथ कहा है कि रुपए की गिरावट को थामने के लिए सरकार कार्यवाही कर रही है। इसका असर बाजार में देखने को मिला है। यह कितने समय तक रहेगा, इसको लेकर तरह-तरह की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं।

# संकट की घड़ी में मददगार है साथ हिन्दुस्तान का

लेखक - मनोज कुमार अग्रवाल




**दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है, ऐसे समय में भारत ने एक बार फिर अपनी परंपरागत नीति विश्व एक परिवार के आदर्श को व्यवहार में उतारकर दिखाया है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच दुनिया भर के देश में तेल और एलपीजी गैस की किल्लत से दो चार हो रहे हैं. हालांकि, भारत जैसे मित्र देशों के लिए ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद नहीं किया है. भारत में लगातार तेल और एलपीजी की आपूर्ति हो रहे है।**

संकट भरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया में भारत अपने मित्र पडोसी देशों के लिए संकटमोचक बड़े भाई की भूमिका निबाह रहा है। तनाव के इस दौर में, जब पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है, ऐसे समय में भारत ने एक बार फिर अपनी परंपरागत नीति विश्व एक परिवार के आदर्श को व्यवहार में उतारकर दिखाया है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच दुनिया भर के देश में तेल और एलपीजी गैस की किल्लत से दो चार हो रहे हैं। हालांकि, भारत जैसे मित्र देशों के लिए ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद नहीं किया है। भारत में लगातार तेल और एलपीजी की आपूर्ति हो रही है। अभी तक कई जहाज भारत पहुंच भी चुके हैं। लेकिन भारत के कई पड़ोसी देशों में हालात बहुत चिंताजनक है। श्रीलंका भी इन दिनों तेल की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। ऐसी स्थिति में श्रीलंका की मदद भारत कर रहा है। आपको बता दें कि युद्ध और होरमुज स्टेट में बढ़ते तनाव के कारण तेल और एलपीजी की सप्लाई बाधित हो रही है, जिससे दुनिया के कई देश गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों के लिए एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में भूमिका निभाई है। हालांकि भारत का यह रवैया कोई नया नहीं है। सदियों से भारतीय सभ्यता सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सिद्धांतों पर अमल की रही है। आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं टूट रही हैं और देश अपने-अपने हितों में सिमटते नजर आ रहे हैं, भारत ने इसके विपरीत एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है, जहां केवल राष्ट्रीय हित ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग भी प्राथमिकता में हैं।

आपको पता है कि मौजूदा घटनाक्रम में श्रीलंका को भारत द्वारा 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति इसी सोच का प्रमाण है। इसमें 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल शामिल है। यह आपूर्ति ऐसे समय में की गई, जब श्रीलंका पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति बाधित होने के कारण गंभीर संकट में था। श्रीलंका के राष्ट्रपति कुमारा दिसानायके और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद यह सहायता तुरंत भेजी गई। यह केवल एक कूटनीतिक कदम नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। इससे पहले विदेश मंत्री एस। जयशंकर और श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ के बीच भी बातचीत हुई थी, जिसने इस सहयोग को और मजबूत आधार दिया। भारत ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के माध्यम से यह आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे श्रीलंका में ऊर्जा संकट को तत्काल राहत मिली। भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति केवल एक कूटनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक सक्रिय और प्रभावी रणनीति के रूप में सामने आई है। श्रीलंका के अलावा भारत ने बांग्लादेश और मालदीव जैसे देशों को भी समय-समय पर ऊर्जा सहायता प्रदान की है। बांग्लादेश में भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं।याद रहे भारत ने बांग्लादेश को अतिरिक्त 5,000 टन डीजल की सप्लाई की है। इस तरह हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल मिल चुका है। ईरान-अमेरिका-इजरायल तनाव और होर्मुज स्टेट में व्यवधान के कारण वहां ईंधन संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में भारत ने अतिरिक्त 5,000 टन डीजल की आपूर्ति कर तत्काल राहत पहुंचाई थी। हाल के समय में कुल 15,000 टन डीजल की आपूर्ति भारत द्वारा की जा चुकी है। यह सहयोग केवल संकट प्रबंधन नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऊर्जा क्षेत्र में यह साझेदारी आने वाले समय में दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब दुनिया के कई देश अपने संसाधनों को सुरक्षित रखने में लगे हैं, भारत ने अपने संसाधनों को साझा करने का रास्ता चुना है। यह संवेदनशीलता और जिम्मेदारी भारत को वैश्विक मंच पर अलग पहचान देती है। श्रीलंका के नेताओं चाहे वह सांसद नमल राजपक्षे हों या हां डी सिल्वा ने भारत की इस मदद की खुलकर सराहना की है। यह सराहना केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती साख और विश्वास को दर्शाती है। भारत ने पहले भी संकट के समय श्रीलंका की मदद की है, चाहे वह आर्थिक संकट हो या प्राकृतिक आपदा। यही निरंतरता भारत को एक विश्वसनीय मित्र बनाती है। वर्तमान स्थिति केवल एक क्षेत्रीय संकट नहीं है, बल्कि यह वैश्चिक ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। होमुंज स्ट्रेट, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, वहां तनाव का सीधा असर वैश्विक बाजारों पर पड़ रहा है। इस स्थिति में भारत का सक्रिय हस्तक्षेप न केवल पड़ोसी देशों को राहत दे रहा है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी बनाए रखने में मदद कर रहा है। यह कदम यह भी दर्शाता है कि भारत केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार ऊर्जा साझेदार भी है। हालांकि तत्काल राहत देना जरूरी है, लेकिन इस संकट ने एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया है कि क्या दक्षिण एशिया को ऊर्जा के मामले में अधिक आत्मनिर्भर नहीं होना चाहिए? श्रीलंका ने खुद स्वीकार किया है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है। भारत इस दिशा में भी सहयोग कर सकता है चाहे वह नवीकरणीय ऊर्जा हो, क्षेत्रीय ग्रिड कनेक्टिविटी हो या ऊर्जा भंडारण की व्यवस्था। यदि हम हाल के इतिहास पर नजर डालें, तो कोविड-19 महामारी के दौरान भी भारत ने दुनिया के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया था। वैक्सीन मैत्री पहल के तहत भारत ने 100 से अधिक देशों को 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की आपूर्ति की। यह केवल एक स्वास्थ्य पहल नहीं थी, बल्कि वैश्विक मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण थी। इस अभियान के माध्यम से भारत ने यह दिखाया कि वह केवल अपने नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए जिम्मेदार है। यह नीति आज भी ऊर्जा संकट जैसे मामलों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। हकिकत यह है कि आज के समय में नेतृत्व केवल शक्ति प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संकट में साथ खड़े होने से तय होता है। भारत ने अपने कार्यों से यह साबित किया है कि वह केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील राष्ट्र भी है। वसुधैव कुटुम्बकम् केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि भारत की विदेश नीति का आधार बनता जा रहा है। जब दुनिया विभाजन और प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रही है, भारत सहयोग और साझेदारी का रास्ता दिखा रहा है। ऐसे समय में भारत का यह कदम न केवल पड़ोसी देशों के लिए राहत है, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संदेश भी है कि सच्ची शक्ति वही है, जो दूसरों को संभालने में काम आए। भारत की इस नीति में एक खास बात यह है कि इसमें रणनीतिक हित और मानवीय दृष्टिकोण दोनों का संतुलन है। एक ओर जहां भारत अपने पड़ोसियों की मदद करके क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, वहीं दूसरी ओर वह मानवीय मूल्यों को भी प्राथमिकता देता है। ऊर्जा संकट में सहायता देकर भारत ने यह सुनिश्चित किया कि उसके पड़ोसी देशों में आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता न बढ़े, क्योंकि इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ सकता है। कहा जाता है कि सच्चा मित्र वही होता है जो मुश्किल समय में साथ खड़ा हो। भारत ने बार-बार इस कहावत को सही साबित किया है। चाहे कोविड-19 का संकट हो या वर्तमान ऊर्जा संकट, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों और दुनिया के साथ खड़े होकर यह संदेश दिया है कि वह केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि मानवता का सच्चा साथी है। जनवरी 2021 में, भारत ने चक्रवात यासा से प्रभावित फिजी द्वीप को मानवीय सहायता प्रदान की। संघर्ष की स्थितियों में यमन, सीरिया और अफगानिस्तान जैसे देशों को भी सहायता दी गई है। भारत ने म्यांमार और मोज़ाम्बिक में अन्य आपदाओं में भी सहायता प्रदान की है। आज जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है, भारत की यह नीति न केवल उसके पड़ोसियों के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणा है। आने वाले समय में भी भारत इसी तरह सहयोग और साझेदारी के माध्यम से वैश्विक शांति और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

श्रीलंका के सांसद नेता नमल राजपक्षा ने भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसे मुश्किल समय में भी एक दोस्त की तरह हमारे साथ खड़ा रहा है। मैं भारत को 38 हजार टन पेट्रोलियम देने के लिए उनका धन्यवाद करता हूं।उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता ने एक बार फिर श्रीलंका को 38,000 टन पेट्रोलियम की समय पर आपूर्ति करके पड़ोसी पहले नीति को कायम रखा है।

**(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)**

# मैनेजमेंट गुरु हनुमान: असंभव को संभव बनाने की शक्ति एवं संकल्प

लेखक - दिलीप कुमार पाठक

**घर-घर के रक्षक, संकटों के नाशक और हर व्याकुल हृदय के परम साथी हैं। उनकी महिमा का गान जितना सरल है, उनका जीवन दर्शन उतना ही गहरा और प्रेरणादायी है। उनकी सबसे बड़ी सुंदरता उनकी निस्वार्थ भक्ति में छिपी है। उन्होंने दुनिया को सिखाया कि ईश्वर को पाने के लिए किसी कठिन आडंबर की नहीं, बल्कि निर्मल मन और पूर्ण समर्पण की आवश्यकता होती है।**



आज जब चैत्र मास की पूर्णिमा का चंद्रमा अपनी पूरी आभा के साथ आकाश में उदित होगा, तो धरती पर एक ऐसी ऊर्जा का संचार होगा जो सदियों से भारतीय जनमानस के रोम-रोम में बसी है। यह दिन केवल एक कैलेंडर की तिथि नहीं है, बल्कि उस महाशक्ति के अवतरण का उत्सव है जिसे हम हनुमान कहते हैं। हनुमान जी का व्यक्तित्व किसी परिचय का मोहताज नहीं है; वे घर-घर के रक्षक, संकटों के नाशक और हर व्याकुल हृदय के परम साथी हैं। उनकी महिमा का गान जितना सरल है, उनका जीवन दर्शन उतना ही गहरा और प्रेरणादायी है। उनकी सबसे बड़ी सुंदरता उनकी निस्वार्थ भक्ति में छिपी है। उन्होंने दुनिया को सिखाया कि ईश्वर को पाने के लिए किसी कठिन आडंबर की नहीं, बल्कि निर्मल मन और पूर्ण समर्पण की आवश्यकता होती है।

एक ओर जहाँ उनके पास लंका को भस्म करने और समुद्र को एक छलांग में लांघने की असीम शक्ति थी, वहीं दूसरी ओर वे प्रभु राम के चरणों में एक अबोध बालक की भांति विनत रहते थे। उनकी शक्ति में कोई अहंकार नहीं था और उनकी विनम्रता में कोई कमजोरी नहीं थी। जब उनसे उनकी अद्भुत सामर्थ्य का रहस्य पूछा गया, तो उन्होंने बड़ी सहजता से कहा कि जो कुछ भी है, वह केवल राम नाम की महिमा है। यह शून्य हो जाने का भाव ही उन्हें ब्रह्मांड का सबसे बड़ा भक्त बनाता है। अक्सर हम शक्ति को अधिकार और अधिपत्य से जोड़कर देखते हैं, लेकिन हनुमान जी ने शक्ति की परिभाषा ही बदल दी। उनके पास अष्ट सिद्धि और नव निधि का वरदान था, जिससे वे सूक्ष्म से सूक्ष्म और विशाल से विशाल रूप धर सकते थे, किंतु उन्होंने इस सामर्थ्य का उपयोग केवल जनकल्याण और प्रभु काज के लिए किया। यह संयम आज के नेतृत्व के लिए सबसे बड़ी सीख है कि शक्ति जितनी अधिक हो, विनम्रता उतनी ही गहरी होनी चाहिए।

जब हम सुंदरकांड के प्रसंगों को पढ़ते हैं, तो पाते हैं कि हनुमान जी केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि एक चतुर कूटनीतिज्ञ और संवाद के ज्ञाता भी थे। लंका में विभीषण को अपनी ओर मिलाना हो या रावण की सभा में निर्भीकता से अपनी बात रखना, उनकी वाकपटुता बेमिसाल थी। वे सिखाते हैं कि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी धैर्य नहीं खोना चाहिए और शत्रु के घर में भी मित्र ढूँढने की दृष्टि रखनी चाहिए। आज के प्रतिस्पर्धी युग में, जहाँ छोटी-छोटी असफलताओं पर लोग टूट जाते हैं, हनुमान जी का अटूट आत्मविश्वास एक संजीवनी की तरह काम करता है। उनका चरित्र हमें टीम वर्क और समर्पण की अनूठी शिक्षा देता है। लंका विजय के महाभियान में उन्होंने कभी भी श्रेय लेने की कोशिश नहीं की। जब भगवान राम ने उन्हें गले लगाया और भरत के समान प्रिय कहा, तब भी वे हाथ जोड़कर चरणों में ही बैठे रहे। यह दर्शाता है कि सच्चा सेवक वही है जो परिणाम की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे और सफलता का श्रेय अपने आराध्य को सौंप दे।

आज के इस भागदौड़ भरे युग में हनुमान जी एक मैनेजमेंट गुरु की तरह नजर आते हैं। लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, मार्ग में कितनी भी बाधाएँ क्यों न आएं, हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि बुद्धि और पराक्रम के सही संतुलन से हर मुश्किल को जीता जा सकता है। लक्ष्मण जी के प्राण बचाने के लिए पूरी पहाड़ी उठा लाना यह दर्शाता है कि जब अपनों पर संकट आए, तो असंभव शब्द डिक्शनरी से बाहर कर देना चाहिए।

वे युवाओं के लिए एकाग्रता और अनुशासन के जीते-जागते उदाहरण हैं। उनकी लंगोट का त्याग और सिंदूरी चोला हमें सादगी और सात्विकता का मार्ग दिखाता है। हनुमान जयंती मनाना केवल मंदिरों में चोला चढ़ाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आज के दौर में जब समाज में स्वार्थ बढ़ रहा है, तब हनुमान जी का सेवा परमो धर्म का संदेश एक प्रकाश स्तंभ की तरह है। हनुमान जी एक ऐसी वैश्विक चेतना हैं जो सीमाओं और मजहबों से परे है। दुनिया के कई देशों में उन्हें अलग-अलग नामों से पूजा जाता है, क्योंकि संकट हर इंसान के जीवन में आता है और हर इंसान को एक संकटमोचन की तलाश होती है। वे भय से मुक्ति का मार्ग हैं। जब हम नासै रोग हरै सब पीरा का जाप करते हैं, तो वह केवल शब्द नहीं होते, बल्कि एक अटूट विश्वास होता है जो हमारी कोशिकाओं में नई ऊर्जा भर देता है। हनुमान जी का नाम ही पर्याप्त है मन के हर संशय और दुर्बलता को मिटाने के लिए। जैसे-जैसे आज का दिन चढ़ेगा, हर ओर जय सिया राम के उद्घोष गूंजेंगे। लेकिन सच्ची पूजा तब होगी, जब हम उनके साहस को अपने आचरण में और उनकी करुणा को अपने व्यवहार में उतारेंगे। हनुमान जी चिरंजीवी हैं, वे कल भी थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। वे हर उस व्यक्ति के साथ हैं जो धर्म और सत्य की राह पर अडिग है।

# इवेंट में कृति सेनन के बोल्ड अंदाज ने खींचा सबका ध्यान



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पुनः अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का अंदाज पिंकविला स्क्रीन एंड स्टाइल अवार्डस 2026 के रेड कार्पेट पर इस बार पहले से ज्यादा बोल्ड नजर आया। उनकी एंट्री ने साफ कर दिया कि अब वह फैशन के मामले में नए प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकतीं। उनका पूरा लुक सादगी और ग्लैमर का शानदार मिश्रण था, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस खास मौके पर कृति ने मशहूर डिजाइनर नैंसी डोजाका की डिजाइन की हुई एमराल्ड ग्रीन गाउन पहनी थी, जो बेहद आकर्षक और यूनिक नजर आ रही थी। गाउन का सॉफ्ट और हल्का शाइनी फैब्रिक लाइट में खूबसूरत चमक दे रहा था, जिससे उनका लुक और भी रिच लग रहा था। गहरे हरे रंग की वजह से यह आउटफिट रेड कार्पेट पर तुरंत अलग दिखाई दिया और उनकी पर्सनैलिटी को और निखार गया। डिजाइन में मॉडर्न और एलिगेंस का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। इस गाउन की खासियत इसके डिटेलिंग में छिपी थी। पतली स्ट्रैप्स और बीच में दिया गया स्टाइलिश कट-आउट इसे हल्का बोल्ड टच देता है, जबकि इसकी फिटिंग और फ्लोइंग स्टाइल इसे क्लासी बनाए रखते हैं। कमर पर फिट और नीचे की ओर फ्लो करता डिजाइन उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा था। यह लुक इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक आउटफिट में बोल्डनेस और एलिगेंस दोनों को साथ रखा जा सकता है। स्टाइलिंग की बात करें तो कृति ने अपने लुक को ज्यादा ओवरडन नहीं किया। हल्के नेकलेस और स्टाइलिश रिंग्स के साथ उन्होंने ज्वेलरी को मिनिमल रखा, जिससे गाउन ही मुख्य आकर्षण बना रहा। सॉफ्ट वेव्स हेयरस्टाइल और नैचुरल ग्लो मेकअप ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और एलिगेंट टच दिया। सबसे खास बात यह रही कि कृति ने इस आउटफिट को पूरे आत्मविश्वास के साथ कैरी किया। उनका एटीट्यूड और प्रेजेंस इस लुक को और भी खास बना रहा था।

# सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में बढाएंगे कदम



बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे है। इसके लिए उनकी कंपनी मुक्ता आर्ट लिमिटेड ने ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्रायवेट लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस कार्य के लिए मुक्ता आर्ट्स की नई डिवीजन एसजीएम स्टूडियो स्थापित की गई है, जो ग्रीन गोल्ड के साथ मिलकर एनीमेशन फिल्में और वेब सीरीज का निर्माण करेगी। इस पहल को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। सुभाष घई ने इस नई शुरुआत की जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए दी, जहां उन्होंने एसजीएम स्टूडियो का लोगो साझा करते हुए कहा कि उनकी कंपनी अब वैश्विक दर्शकों के लिए एनीमेशन कंटेंट तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय कहानियों और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। घई के अनुसार, एनीमेशन एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों और परिवारों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसके जरिए भारतीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। ग्रीन गोल्ड एनीमेशन के साथ साझेदारी को लेकर घई ने विशेष उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी पहले ही छोटा भीम जैसे लोकप्रिय शो के जरिए अपनी क्षमता साबित कर चुकी है। इस प्रोजेक्ट में ग्रीन गोल्ड के प्रमुख राजीव छिलाका की अहम भूमिका होगी, जिनके अनुभव से इस सहयोग को मजबूती मिलने की उम्मीद है। घई का मानना है कि 'छोटा भीम और 'नरसिम्हा जैसे प्रोजेक्ट्स की सफलता भारतीय एनीमेशन इंडस्ट्री के उज्ज्वल भविष्य का संकेत देती है। सुभाष घई पहले भी कई नए कलाकारों और तकनीकों को प्रोत्साहित करते रहे हैं, और अब वह एनीमेशन के जरिए अपनी रचनात्मकता को नए आयाम देने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पहले एक कार्यक्रम में यह संकेत भी दिया था कि वह अपनी क्लासिक फिल्म कालीचरण को एनीमेशन के रूप में पेश करना चाहते हैं। उनका कहना है कि फिल्म की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसे नए अंदाज और तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि यह आज की युवा पीढ़ी को भी आकर्षित कर सके। यह साझेदारी न केवल सुभाष घई के करियर में एक नया अध्याय जोड़ती है, बल्कि भारतीय एनीमेशन इंडस्ट्री के विकास को भी नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

# 71 की उम्र में भी खुद को 'सेक्सी, एलिगेंट महसूस करते हैं अनुपम

71 साल की उम्र में भी बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर न सिर्फ एक्टिंग में सक्रिय हैं, बल्कि अपने स्टाइल और व्यक्तित्व से भी चर्चा में बने रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह रेड कलर के फॉर्मल आउटफिट में बेहद स्टाइलिश नजर आए। इन तस्वीरों के साथ अनुपम खेर ने मजाकिया लेकिन आत्मविश्वास से भरा संदेश भी साझा किया। उन्होंने फॉर्मल वियर ब्रांड्स को खुला ऑफर देते हुए कहा कि वह मॉडलिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपने सफर को याद करते हुए लिखा कि वह एक साधारण परिवार से आते हैं, जहां एक अच्छी शर्ट होना भी कभी लग्जरी जैसा लगता था। ऐसे में आज खुद को इस अंदाज में देखना उनके लिए खास अनुभव है। अनुपम ने आगे कहा कि अब जब वह अपनी फॉर्मल तस्वीरों को देखते हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि उन्होंने खुद को समय के साथ बेहतर तरीके से निखारा है। उन्होंने यह भी लिखा कि 71 की उम्र में वह खुद को 'सेक्सी, एलिगेंट और कंफर्टेबल महसूस करते हैं, और उनके अनुसार यही सबसे बेहतरीन आउटफिट है जिसे कोई भी पहन सकता है। उनका यह अंदाज दर्शाता है कि आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच उम्र की सीमाओं से कहीं आगे होती है। अपने खास ह्यूमर के साथ उन्होंने ब्रांड्स को संदेश देते हुए कहा कि अगर कोई कंपनी 71 साल के 'युवा मॉडल की तलाश में है, जो अनुभव, आत्मविश्वास और थोड़ा स्वैग लेकर आए, तो वह इसके लिए उपलब्ध हैं। उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग उनके आत्मविश्वास की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुपम खेर जल्द ही खोसला का घोसला 2 में नजर आएंगे।



# फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही : बोमन ईरानी

बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सिनेमा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। बॉलीवुड अभिनेता बोमन इरानी ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही है।

उन्होंने कहा कि फिल्मों में काम करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि उन्हें अपनी खुद की फिल्म बनानी चाहिए। उनके पास एक कहानी और एक पन्ने की स्क्रिप्ट थी, लेकिन उसे पूरी फिल्म में बदलना आसान नहीं था। उन्होंने स्वीकार किया कि स्क्रीनप्ले लिखना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है और इसे पूरा करने के लिए उन्होंने कई सेशंस में हिस्सा लिया। बोमन ईरानी ने यह भी बताया कि कोविड काल के दौरान उन्होंने लेखकों के साथ लगातार बातचीत की और नए लेखकों को मार्गदर्शन दिया। उनका मानना है कि मुंबई के अलावा दिल्ली जैसे शहरों में भी लेखन और फिल्म निर्माण के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए, ताकि नई प्रतिभाओं को अवसर मिल सके। इस मौके पर अभिनेता मनोज वाजपेयी ने दिल्ली में आयोजित इस फिल्म महोत्सव को एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब तक इस तरह के बड़े फिल्म फेस्टिवल मुख्य रूप से गोवा और मुंबई तक सीमित थे, लेकिन दिल्ली में इसका आयोजन होना सिनेमा प्रेमियों के लिए बड़ी बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि ज्यादा फिल्मों को मंच मिल सके। वहीं, अभिनेता अर्जुन बाजवा ने इस पहल के लिए दिल्ली सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश में गोवा के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कोई बड़ा फिल्म महोत्सव नहीं था, ऐसे में दिल्ली में इसकी शुरुआत एक सराहनीय कदम है। यह मंच सिनेमा और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। फिल्म निर्माता निखिल आडवानी ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश में जितने अधिक फिल्म महोत्सव होंगे, उतना ही सिनेमा को बढ़ावा मिलेगा।



# जैकी श्राफ ने 'एक और एक ग्यारह' की यादें की ताजा

बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ ने फिल्म से जुड़ी यादों को एक बार फिर ताजा किया। लोकप्रिय एक्शन-कॉमेडी फिल्म एक और एक ग्यारह ने रिलीज के 23 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जैकी दादा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म के कई पुराने और यादगार दृश्य शामिल थे। इसके साथ उन्होंने लिखा कि इस फिल्म को 23 साल पूरे हो गए हैं। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त और गोविंदा की जोड़ी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और कॉमिक टाइमिंग को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म में जैकी श्रॉफ ने मेजर राम सिंह का किरदार निभाया था, जो भले ही सहायक भूमिका थी, लेकिन काफी प्रभावशाली साबित हुई। इसके अलावा अम्रता अरोरा, नंदिनी सिंह, गुलशन ग्रोवर और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म को मुक्ता आर्टस लिमिटेड के बैनर तले रिलीज किया गया था और इसकी कहानी दो ठगों तारा और सितारा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें गोविंदा और संजय दत्त ने निभाया था। कहानी में दोनों किरदार गलती से एक खतरनाक अपराधी कोबरा, जिसका रोल आशीष विदयार्थी ने निभाया था, को पुलिस के हवाले कर देते हैं, जिसके बाद घटनाओं की मजेदार और रोमांचक श्रृंखला शुरू होती है। फिल्म का संगीत शंकर-एहसान-लाय ने तैयार किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। 'ओ दुश्मना, 'बेईमान मोहब्बत और टाइटल ट्रैक 'एक और एक ग्यारह जैसे गाने आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। खासकर टाइटल सॉन्ग ने दर्शकों के दिलों में अलग जगह बनाई थी। कॉमेडी, एक्शन और स्टारकास्ट के दम पर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी सफलता हासिल की थी।





न्यूज ब्रीफ

## एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

लुसाने। भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप प्रो लीग से बाहर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजेता टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में खेलने का अवसर मिलता है।भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद से ही प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ समय में काफी अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है जिससे उसे नेशंस कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं पुरुषों वर्ग टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की तैयारी जारी है।

## फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास

टोक्यो। जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी और इसी कारण वह पिछड़ गये। वहीं क्वालिफाइंग के बाद वर्स्टापेन ने कहा था कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर कई चीजों पर विचार करना है। जब उनसे इस बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि वह फॉर्मूला वन में अपने आगे के रास्ते को लेकर विचार कर रहे हैं।

## दिल्ली को जीत दिलाने अक्षर पटेल को निरंतरता लानी होगी : इरफान पठान

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर ऑलराउंडर और कप्तान अक्षर पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और अगर उन्हें अपनी टीम को जीत दिलानी है तो इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पठान के अनुसार पिछले सत्र में अक्षर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पठान ने बताया है कि हाल के दिनों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता टीम के खिलाड़ियों का कमजोर प्रदर्शन रहा है। पठान ने किहा कि अक्षर पिछले सत्र के 12 मैचों में केवल 5 विकेट ले पाये और अन्होंने 263 रन बनाए। पठान ने कहा, पिछले साल अक्षर की गेंदबाजी में धार नहीं दिखी थी। उनका आत्मविश्वास हालांकि कप्तान बनने के बाद बढ़ा होगा पर अगर वह अपनी तरफ से नियमित रुप से विकेट लेते हैं, तो उनकी टीम हावी हो जाएगी क्योंकि उनकी टीम के पास कुलदीप यादव जैसा विकेट लेने वाला गेंदबाज है। इसके अलावा विपराज निगम जैसे उभारत हुआ खिलाड़ी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, आपको अक्षर और कुलदीप जैसी स्पिन-गेंदबाजी की जोड़ी कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। आपको इसमें विपराज का नाम भी जोड़ना होगा। विपराज के साथ उनके पास दो ऐसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो विश्व कप जीते हैं। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों वाला ऐसा अनुभव आपको हर जगह नहीं मिलता। दिल्ली के लिए ये सकारात्मक बात है।

# आज होगा लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

लखनऊ ● एजेंसी




यहां के इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। सुपरजायंटस के लिए सकारात्मक बात ये रहेगी कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। सुपरजायंटस की कप्तानी जहां ऋषभ पंत के पास है, वहीं दिल्ली की कमान अक्षर पटेल संभालेंगे। ऋषभ इस लीग में बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी फिटनेस और फार्म हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं अक्षर का प्रयास भी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। इन दोनो ही टीमों का प्रदर्षन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था।

पिछली बार दोनों ही टीमें प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाय थीं। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो टीमों के बीच हुए सात मैचों में से दिल्ली ने चार जीते हैं जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं हाल के वर्षों में लखनऊ ने दिल्ली को तीन मैच हराकर दिखाया है कि वह भी बराबरी की दावेदार है। उसने 200 रन से अधिक रन बनाकर दिल्ली को कड़ी टक्कर दी है। ऐमें में अगर कैपिटल्स को इस बार जीत दर्ज करनी है तो उसे अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना होगा। बेन डकेट के नाम वापस लेने ने उसे झटक लगा है। अब उसकी बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में केएल राहुल और पथुम निसांका के अलावा पृथ्वी शॉ पर आधारित रहेगी। वहीं मध्यक्रम में टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के फिट नहीं होने से टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और आकिब नबी पर रहेगी। कप्तान अक्षर पर बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में में भी टीम की ओर से अधिक से अधिक योगदान देने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम 2008 से ही लीग का हिस्सा है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। इस दौरान उसने कई कप्तान भी बदले हैं। दिल्ली के लिए इस मुकाबले में राहुल एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। 145 आईपीएल मैचों में 46.21 के शानदार औसत से 5222 रन बनाने वाले राहुल इस टूर्नामेंट के सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।लखनऊ जैसी कठिन पिच पर राहुल की पारी को संभालने की क्षमता और भी ज्यादा कीमती साबित होगी। अगर वह टीम को एक मजबूत शुरुआत दे पाते हैं और अंत तक बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे मध्य क्रम पर दबाव कम होगा और टीम एक अच्छा स्कोर खड़ा कर पाएगी।. राहुल के जोड़ीदार के तौर पर पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है। अभिषेक पोरेल ने भी आईपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। पोरेल ने 13 मुकाबलों में 146 के स्ट्राइक रेट से 301 रन बनाए थे। करुण नायर,ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर से भी इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मिलर के आने से टीम का मध्यक्रम और ज्यादा संतुलित दिख रहा है। समीर रिजवी और आशुतोष शर्मा फिनिशर की भूमिका निभाते नजर आएंगे. वहीं, अक्षर पटले और विपराज निगम बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देंगे। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की टीम कप्तान 2. ऋषभ पंत के अलावा बल्लेबाज निकोलस पूरन पर आधारित रहेगी। ऋषभ को लखनऊ सुपर जायंट्स ने पिछली बार 27 करोड़ में खरीदा था। उन्होंने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी की थी पर वह अधिकतर समय रन नहीं बना पाये पर अंत में 118 रनों की शानदार पारी खेलते हुए 14 पारियों में कुल 269 रन बनाए थे। इस बार उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन ने पिछले सत्र में एक आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर 14 मैचों में 524 रन बनाये थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 196.25 का रहा था। इस बार भी टीम उनसे बेहतर प्रदर्शन चाहेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम से इस सत्र में टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं पूरन अपने बल पर किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं। हालांकि, कप्तान ऋषभ की फॉर्म लखनऊ टीम के लिहाज से काफी अहम होगी। लखनऊ का मिडिल ऑर्डर थोड़ा कमजोर दिख रहा है। मोहम्मद शमी, आवेश खान, एनरिक नॉर्टजे, मयंक यादव और मोहसिन खान के रूप में लखनऊ के पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं। वहीं, स्पिन की जिम्मेदारी दिग्वेश राठी संभालेंगे, जिनका प्रदर्शन पिछले सीजन अच्छा रहा था।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

लखनऊ सुपर जाइंट्स : ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्ररम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी।

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडिगी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख ।

## कार्तिक अन्य तेज गेंदबाजों के एक्शन की नकल न करें : स्टेन



मुंबई ● एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी अपना गेंदबाजी एक्शन बार-बार बदल रहे हैं जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। स्टेन के अनसार जिस प्रकार से कार्तिक अन्य गेंदबाजों की नकल करने का प्रयास कर रहे हैं उससे उन्हें बचना होगा। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि किसी की नकल से कुछ लाभ जरुर मिल सकता है पर हर गेंदबाज के पास आना स्वयं का एक्शन होता है जिसे बनाये रखना चाहिये। आईईपीएल के पहले ही मैच में कार्तिक ने केकेआर के खिलाफ अपने पहले ही मैच में सूर्यकुमार यादव का विकेट लिया था पर उन्होंने 43 रन भी अपनी गेंदबाजी में दिये। स्टेन ने यह भी कहा कि इस युवा में काफी प्रतिभा है और उसे इसका सही से इस्तेमाल करना चाहिये। इसके साथ ही धैर्य रखते हुए विकेट के लिए हड़बड़ी नहीं करनी चाहिये। स्टेन के अनुसार, विकेट लेने की एक प्रक्रिया होती है और खिलाड़ी को उसी पर ध्यान देना चाहिए, न कि हर गेंद पर विकेट लेने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही कहा कि इस गेंदबाज को अपने पर भरोसा रखते हुए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।अब तक के आईपीएल कैरियर को देखें तो कार्तिक ने आईपीएल 2020 में राजस्थान के लिए खेलते हुए 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे और तभी सभी का ध्यान उनपर गया था। साल 2021 में उन्होंने पंजाब के खिलाफ आखिरी ओवर में 4 रन बचाकर मैच जिताया था। पर इसके बाद चोट और टीम बदलाव की वजह से उनका करियर आगे नहीं बढ़ा। हैदराबाद, गुजरात के बाद अब वह केकेआर से खेल रहे हैं। टीम अगला मैच 2 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ है जिसमें भी उन्हें अवसर मिलना तय है। ऐसे में इस युवा के पास उस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन का टीम को जीत दिलाने का अवसर रहेगा।

## आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल की नीलामी, सबसे महंगे 15 लाख में बिके आशुतोष शर्मा




इंदौर ● एजेंसी

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) के आगामी सीजन के लिए मंगलवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में खिलाडिय़ों की नीलामी हुई। आईपीएल की दर्ज पर हुई इस नीलामी में आशुतोष शर्मा सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख रुपये में खरीदा है। वहीं, दूसरे नंबर पर अक्षत रघुवंशी हैं, जिन्हें रीवा जगुआर ने 13.80 लाख रुपये कीमत पर अपनी टीम में शामिल किया। तीसरी सबसे बड़ी बोली अनिकेत वर्मा को मिली। अनिकेत को भोपाल लेपड्र्स ने 13 लाख 20 हजार रुपये में खरीदा। शिवांग कुमार को बुंदेलखंड बुल्स ने 13 लाख कीमत देकर अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं, आवेश खान को चंबल घडिय़ाल ने 8.20 लाख और शिवम शुक्ला को इंदौर पिंक पैंथर ने 6.60 लाख रुपये में खरीदा है। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में ऑक्शनियर चारू शर्मा ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू की। नीलामी में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमान सिंधिया भी मौजूद रहे। इस नीलामी में सबसे पहले फ्रेंचाइजी टीमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि पिछले संस्करण की सात टीमों ने अपने एक-एक आईकॉन खिलाड़ी को रिटेन किया है। इनमें सबसे महंगे वेंकटेश अय्यर हैं, जिन्हें पिंक पैंथर्स टीम ने 12 लाख 50 हजार रुपये में रिटेन किया। वे आरसीबी में रजत पाटीदार की कप्तानी में खेलते हैं, लेकिन रजत को ग्वालियर चीताज ने सात लाख रुपये में रिटेन किया है। उनसे महंगे अरशद खान हैं, जिन्हें भोपाल लेपड्र्स ने आठ लाख रुपये में रिटेन किया है। नीलामी में कुमार कार्तिकेय को 10.20 लाख रुपये में रॉयल निमाड़ ईगल्स, मंगेश यादव को 12 लाख रुपये में ग्वालियर चीताज, उज्जैन फाल्कन ने माधव तिवारी को 10.60 लाख, रॉयल निमाड़ ईगल्स ने सारांश जैन को 9.60 लाख और रीवा के कुलदीप सेन को 7 लाख में बुंदेलखंड बुल्स ने खरीदा।

### हर फ्रेंचाइजी को 50 लाख रुपए का पर्स

एमपीएल की इस नीलामी में शामिल सभी फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की खरीद के लिए 50 लाख रुपए का पर्स आवंटित किया गया था। इस नीलामी प्रक्रिया में कुल 244 खिलाड़ियों ने अपनी किस्मत आजमाई। टूर्नामेंट के शेड्यूल की बात करें तो जून 2026 में इसके मुकाबले इंदौर और ग्वालियर के मैदानों पर खेले जाएंगे। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट प्रदेश के बेहतरीन टेलंट को देखने का एक बड़ा मंच साबित होगा।

### उम्र सीमा के लिए बीसीसीआई ने बनाई नीति

इस बार एमपीएल में खिलाड़ियों की उम्र को लेकर एक महत्वपूर्ण नियम लागू किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, 19 वर्ष से कम उम्र के खिलाडि ों को इस टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं दी गई है। बोर्ड की नीति के अनुसार, छोटी उम्र के खिलाडि ों के लिए टी-20 प्रारुप को हतोत्साहित किया जाता है ताकि वे रेड बॉल क्रिकेट यानी टेस्ट और प्रथम श्रेणी मैचों जैसे लंबे प्रारुपों के प्रति अधिक गंभीर और केंद्रित रह सकें।

## ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा

आठवें नंबर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

गुवाहाटी ● एजेंसी




चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं। जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए। इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 119.44 रन था। उनके अलावा दो और बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंचे थे। वहीं अन्य बल्लेबाज बुरी तरह असफल रहे।

बॉटम

गलतियों से सबके लेते हुए वापसी करेंगे

# शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज

गुवाहाटी ● एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है। टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी। उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी। एक के बाद एक विकेट गिरने से टीम को संभलने का अवसर ही नहीं मिला। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और उसने शुरुआत में ही रुतुराज और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिये। वहीं युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शून्य पर ही आउट हो गये। मध्य क्रम भी असफल रहा। इम्पैक्स प्लेयर के तौर पर उतरे सरफराज खान भी 17 रन ही बना पाये। युवा खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए। केवल जेमी ओवरटन ही टिककर खेल पाये। ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन बनाये पर किसी भी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। शिवम दुबे 6 रन, नूर अहमद 1 रन और मैट हेनरी 5 रन बनाकर आउट हो गए, पूरी टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके बाद रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब सीएस की टीम गुरुवार को पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में सभी की नजरे सीएसके पर रहेंगी।



# लिएंडर पेस बीजेपी में हुए शामिल

## बंगाल चुनाव में उनकी मौजूदगी से सियासी समीकरण पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

भारतीय टेनिस के चमकते सितारे लिएंडर पेस ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में जोरदार एंट्री कर मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की मौजूदगी में उनका पार्टी में स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले बारह वर्षों में खेल और खिलाड़ियों को नई पहचान दी है, और अब पेस जैसे दिग्गज का जुड़ना पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

बात दें कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पेस की भाजपा में एंट्री ने चुनावी समीकरण बदल दिए हैं। हाल ही में उन्होंने कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं।

पेस का यह कदम राजनीतिक रणनीति की दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है। 2021 में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया था और 2022 में गोवा चुनाव के दौरान प्रचार भी किया था। हालांकि उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, उनकी उपस्थिति ने तब काफी चर्चा बटोरी थी। अब भाजपा में शामिल होने से यह साफ होता है कि सियासत में स्थायित्व से ज्यादा रणनीति मायने रखती है। पेस सिर्फ खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि 18 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सफलतम भारतीय टेनिस सितारों में शामिल हैं। उनकी पहचान सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे राष्ट्रीय प्रतीक बन चुके हैं। भाजपा उनकी लोकप्रियता और पहचान का फायदा उठाने की तैयारी कर रही है, खासकर शहरी और युवा मतदाताओं में प्रभाव बनाने के लिए। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि भाजपा का यह कदम सीधे युवा वोट बैंक को टार्गेट करता है। खेल, ग्लैमर और राष्ट्रीय गौरव के मेल से तैयार यह नया समीकरण पार्टी को नई ऊर्जा दे सकता है। पेस का बंगाल से गहरा जुड़ाव भी पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि स्थानीय पहचान और राष्ट्रीय लोकप्रियता का यह संगम उन्हें जनता से सीधे संवाद करने का अवसर देता है। भाजपा अब उन्हें स्टार प्रचारक के तौर पर मैदान में उतारने की योजना बना रही है, जिससे पार्टी शहरी, शिक्षित और महत्वाकांक्षी वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत कर सके। लिएंडर पेस की एंट्री ने यह साफ कर दिया है कि भाजपा हर स्तर पर रणनीति को धार दे रही है। अब सवाल यह नहीं कि उन्होंने पार्टी क्यों बदली, बल्कि यह है कि उनके आने से चुनावी नतीजों पर कितना असर पड़ेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### टोल प्लाजा पर नकद भुगतान बंद, आज से लागू होगा नया नियम

नई दिल्ली। देशभर में टोल भुगतान व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 1 अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए केवल फास्टेग या यूपीआई का ही उपयोग करना होगा। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बिना डिजिटल भुगतान के टोल प्लाजा पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को जुर्माना भरना पड़ सकता है या उन्हें वापस भी लौटाया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, जिन वाहन चालकों ने अभी तक फास्टेग सक्रिय नहीं कराया है, उन्हें तुरंत इसे अपनी गाड़ी पर लगवाना चाहिए। वहीं, स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके फोन में यूपीआई भुगतान सुविधा चालू हो। इसके अलावा, 1 अप्रैल से टैक्स, रेलवे और बाजार से जुड़े करीब 10 नए नियम लागू होंगे, जिनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम डिजिटल इंडिया पहल को मजबूती देगा।

### आखिर किसको हिसाब चुकाने की चेतावनी दे रहे केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल आखिर किसको हिसाब चुकाने की चेतावनी दे रहे हैं? बिना नाम लिए और कोई संकेत दिए केजरीवाल ने कहा कि जुल्म इतना ही करना चाहिए जितना खुद सह सकते हैं। पूर्व सीएम ने लिखा, 'दौर बदलने पर हिसाब तुम भी चुकाना होगा। बात दें कि केजरीवाल इस तरह के तीखे हमले हमेशा मोदी सरकार के खिलाफ करते हैं। लेकिन राजनीतिक जानकार इस बात से हैरान हैं कि केजरीवाल का निशाना यदि केंद्र पर है, तब उन्होंने नाम लेने या इशारा करने से परहेज क्यों किया? केजरीवाल के पोस्ट पर एक्स पर चर्चा छिड़ गई। कुछ ही देर में सैकड़ों यूजर्स ने कॉमेंट किए। कई लोगों ने दिल्ली के पूर्व सीएम से पूछा कि आखिर वह किसको ऐसा संदेश देना चाहते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में समन जारी किए जाने के बावजूद जांच एजेंसी के समक्ष पेश न होने को लेकर दर्ज दो अलग-अलग मामलों में आरोप मुक्त किए जाने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया।

### पश्चिम बंगाल में अधिकारियों के ट्रांसफर पर निर्वाचन आयोग को कोर्ट से राहत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर को चुनौती देने वाली जनहित याचिका कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को खारिज कर दी। निर्वाचन आयोग को राहत प्रदान करते हुए कोर्ट ने कहा कि मतदान से पहले प्रशासनिक तबादलों पर कोई रोक नहीं है। दरअसल याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए दावा किया था कि मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले राज्य के प्रशासनिक कामकाज को प्रभावित करेंगे और निर्वाचन आयोग के आदेशों को निरस्त किया जाना चाहिए। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी अपने निर्णय लेने में स्वतंत्र हैं और उन्हें मनमाने तौर पर चुनौती नहीं दी जा सकती। यहां बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम मतदान 23 अप्रैल को और अंतिम 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। अदालत का यह निर्णय निर्वाचन आयोग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, क्योंकि चुनाव से पहले प्रशासनिक स्थिरता बनी रहती है।

# किन्नर समुदाय को ओबीसी में शामिल करना 'दिखावा' : हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

## सरकार को कोर्ट से झटका, नई नीति तक 3 प्रतिशत अतिरिक्त अंक देने का आदेश

**जोधपुर ● एजेंसी**

राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मख्यपीठ ने किन्नर (ट्रांसजेंडर) समुदाय को ओबीसी सूची में शामिल करने के राज्य सरकार के फैसले पर कड़ी टिप्पणी करते हुए इसे "महज दिखावा" और "आंखों में धूल झोंकना" करार दिया है। जस्टिस अरुण मोंगा और योगेंद्र कुमार पुरोहित की खंडपीठ ने 12 जनवरी 2023 की उस अधिसूचना पर सवाल उठाए, जिसमें किन्नर समुदाय को ओबीसी सूची में क्रमांक 92 पर शामिल किया गया था। अदालत ने अपने रिपोर्टेबल फैसले में स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक राज्य सरकार इस विषय पर स्पष्ट और समुचित आरक्षण नीति नहीं बनाती, तब तक किन्नर समुदाय के अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त अंक (एडिशनल वेटेज) दिया जाए। यह मामला जालोर जिले की रानीवाड़ा तहसील की निवासी गंगा कुमारी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने पहले वर्ष 2021 में 1प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। इस पर अदालत ने 14 फरवरी 2022 को नाल्सा जजमेंट के तहत उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन न होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। हालांकि, बाद में राज्य सरकार द्वारा 2023 में अधिसूचना जारी किए जाने के बाद अवमानना याचिका खारिज हो गई। इसके बाद याचिकाकर्ता ने 2024 में नई याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह अहम फैसला सुनाया।



**नीति बनाने की जरूरत पर जोरः** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि केवल ओबीसी सूची में शामिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि किन्नर समुदाय के लिए स्पष्ट और प्रभावी आरक्षण नीति बनाना आवश्यक है, ताकि उन्हें वास्तविक लाभ मिल सके। इस फैसले को ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो भविष्य में नीतिगत बदलाव का आधार बन सकता है।

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद सोनिया गांधी को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें 24 मार्च को बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ.अजय स्वरूप ने बताया कि उनका इलाज डॉ.डी.एस.राणा, डॉ. एस. नंदी और डॉ. अरूप बसु की देखरेख में एंटीबायोटिक्स के माध्यम से किया गया और उनका स्वास्थ्य लगातार सुधार रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि सोनिया गांधी की स्थिति में उत्कृष्ट सुधार हुआ है और अब वे सामान्य स्थिति में हैं। हालांकि उन्हें अभी भी इंट्रावेनस एंटीबायोटिक्स दी जा रही हैं, जो कुछ और दिनों तक जारी रहेंगी। सभी स्वास्थ्य पैरामीटर सामान्य सीमा के भीतर हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। अस्पताल के अनुसार, छुट्टी देने का निर्णय मरीज और चिकित्सक की सलाह के बाद लिया गया। वर्तमान में उनका एक सिस्टमिक संक्रमण का इलाज चल रहा है और एंटीबायोटिक्स का सकारात्मक असर देखा जा रहा है। वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर निगरानी रख रही है।

## उत्तराखंड पवित्र और आध्यात्मिक प्रदेश, जहां प्राकृतिक संपदा और धार्मिक महत्व दोनों : बाबा रामदेव



**देहरादून ● एजेंसी**

बाबा रामदेव ने 2026 में उत्तराखंड के विकास और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर अपनी विचारधारा साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पवित्र और आध्यात्मिक प्रदेश है, जहां प्राकृतिक संपदा और धार्मिक महत्व दोनों की भरमार है। उनका मानना है कि राज्य में इसतरह के प्रयास होने चाहिए, जिससे विश्वभर के पर्यटक और श्रद्धालु यहां आकर्षित हों। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्विट्जरलैंड जैसी विकसित स्थिति हासिल कर सकता है, न केवल औद्योगिक विकास में बल्कि 'ग्लोबल हेल्थ हब' के रूप में भी। बाबा रामदेव ने बताया कि राज्य में उपलब्ध दुर्लभ औषधियों के माध्यम से बीपी, शुगर और अन्य गंभीर बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है।

हर की पौड़ी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि गंदगी और अव्यवस्था से पवित्र स्थल की छवि खराब होती है। घाटों पर कचरा और झोपड़ियां हैं, लेकिन वे भी गरिमापूर्ण होनी चाहिए। कुंभ के पावन मौके पर पतंजलि को सेवा का अवसर मिलने पर बाबा रामदेव ने हर की पौड़ी का कायाकल्प स्वयं के संसाधनों से करने का प्रयास बताया। मिडिल ईस्ट के तनाव पर उन्होंने चिंता जताकर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका और इजरायल की नीतियों ने वैश्विक संकट बढ़ाया है। बाबा ने स्पष्ट किया कि उनका दृष्टिकोण किसी देश के पक्ष में नहीं बल्कि मानवता के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र या धर्म के आधार पर दूरी पैदा करने वाले समाज को गुमराह कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप जैसी व्यक्तित्वों पर उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि विश्व शांति के लिए व्यक्तिगत अहंकार से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने मिडिल ईस्ट संघर्ष पर भारत की नीति की भी सराहना की। बाबा रामदेव के अनुसार, जब दो पक्षों में संघर्ष हो, अनावश्यक हस्तक्षेप से बचना बुद्धिमत्ता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संतुलित विदेश नीति की प्रशंसा करते हुए इसे राष्ट्रहित में बताया। बाबा रामदेव ने उत्तराखंड को आध्यात्मिक, पर्यटन और स्वास्थ्य क्षेत्र में वैश्विक रूप से विकसित करने की संभावनाओं पर जोर दिया और मिडिल ईस्ट के तनाव पर मानवता आधारित दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया।

# सीएम योगी की मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाला मौलाना गिरफ्तार, हाथ जोड़कर माफी मांगी

**लखनऊ ● एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मौलाना अब्दुल्ला सालिम कासमी उर्फ चतुर्वेदी को सोमवार की देर शाम बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) उसे लेकर बहराइच आयी, जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। बहराइच शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी नारायण दत्त मिश्र के अनुसार, मौलाना अब्दुल सालिम कासमी का एक विवादित भाषण इस माह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। इसके बाद आठ मार्च को कोतवाली नगर थाने में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। इसी मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने सोमवार शाम बिहार के पूर्णिया से आरोपी को गिरफ्तार किया और देर रात बहराइच लेकर आई। पूछताछ के बाद मंगलवार को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आवश्यक विधिक कारर्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि अदालत में पेश किए जाने से पहले आरोपी मौलाना ने कोतवाली नगर में पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार करते हुए खुद को माफ करने का अनुरोध किया है।



**बॉटम**

## मासिक भरण-पोषण के लिए पत्नी-बेटी को 30 हजार प्रतिमाह और 10 लाख की एफडी का आदेश

# अमेरिका में पति पर दूसरी शादी का आरोप : हाईकोर्ट सख्त, ससुराल पक्ष के विदेश जाने पर रोक

**जयपुर ● एजेंसी**

राजस्थान हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवाद से जुड़े एक अहम मामले में ससुराल पक्ष को सशर्त राहत देते हुए उनके विदेश जाने पर रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने पीड़ित महिला और उसकी दो वर्षीय बेटी के लिए प्रति माह 30 हजार रुपए भरण-पोषण देने का आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सास-ससुर, ननद और देवर की अग्रिम जमानत याचिका का निस्तारण करते हुए जारी किया। संबंधित लोगों के खिलाफ महिला ने खैरथल महिला थाने में प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित महिला ने अदालत को बताया कि उसकी शादी 17 जनवरी 2022 को हुई थी और उसके बाद एक बेटी का जन्म हुआ, जिसकी उम्र अब दो साल है। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति अमेरिका चला गया और वहां दूसरी शादी कर ली। उसने यह भी आशंका जताई कि पति अपने परिवार को भी विदेश बुलाने की कोशिश कर रहा है, जिससे उसके और उसकी बेटी के जीवनयापन पर गंभीर संकट आ सकता है। कोर्ट ने तय की शर्तें अदालत ने दोनों पक्षों के बीच सहमति के आधार पर निर्देश दिया कि ससुराल पक्ष अप्रैल से हर महीने की 2 तारीख तक महिला के खाते में 30 हजार रुपए जमा कराएगा। इसके अलावा, अदालत ने नाबालिग बच्ची के नाम 10 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) कराने का आदेश दिया, जिसे बिना न्यायालय की अनुमति के नहीं निकाला जा सकेगा।



### जांच में सहयोग और यात्रा पर रोक

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ससुराल पक्ष के सभी सदस्य जांच अधिकारी के बुलावे पर उपस्थित होंगे और बिना अदालत की अनुमति के देश छोड़कर विदेश नहीं जा सकेंगे। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामला वैवाहिक विवाद से जुड़ा है, इसलिए इसमें मध्यस्थता और सौहार्दपूर्ण समाधान को प्राथमिकता दी गई है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक**- नितिन श्रीवास द्वारा पंकज प्रीटर्स एड पेकिंजिंग, ए-16, एल्फा पार्क, सांवेर रोड,एल्फा इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित 1054-एल, यूनियन बैंक, स्कीम नं. 114 इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- नितिन श्रीवास, आर.एन.आई. नंबर - एमपीएचआईएन/20ए3002 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)